हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)

www.naisochlive.com | पटना, गुरुवार, 26 दिसंबर 2024, वर्ष- 07, अंक- 302, पृष्ठ-8, मूल्य - 3:00 | naisochexpreess@gmail.com

पेज : 08

फिल्म गेम चेंजर का नया सॉन्ग धोप रिलीज राम चरण और कियारा आडवाणी के डांस मूव्स और केमिस्ट्री ने लगाई आग



## कश्मीर घाटी में कड़ाके की ठंड जारी, अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज

**एजेंसी, श्रीनगर**



कश्मीर घाटी में कड़ाके की ठंड जारी रहने के कारण अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है जिससे कई इलाकों में कई जल निकाय और जल आपूर्ति लाइनें जम गई हैं। मौसम विभाग ने बुधवार को बताया कि श्रीनगर में मंगलवार रात न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 7.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने अगले दो दिनों में कश्मीर में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट का अनुमान लगाया है। गुलमर्ग को छोड़कर कश्मीर घाटी के अन्य सभी मौसम केंद्रों में रात के तापमान में गिरावट आई है। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में 21 दिसंबर से शुरू हुई 40 दिनों की सबसे कठोर सर्दियों की अवधि चिल्लई-कलां की चपेट में कश्मीर घाटी में इस समय मौसम के सामान्य से कम अधिकतम और न्यूनतम तापमान का अनुभव हो रहा है। पारे में गिरावट के कारण जल आपूर्ति लाइनें जम गई हैं जबकि डल झील सहित कई जल निकायों की सतह पर बर्फ की पतली परत जम गई है। विभाग ने बताया कि शहर गुलमर्ग से भी ठंडा रहा, जो उत्तरी कश्मीर में स्कीइंग गतिविधियों के लिए जाना जाने वाला एक पर्यटक रिसॉर्ट शहर है और जहां पारा शून्य से नीचे 6.6 डिग्री सेल्सियस रहा। पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 8.4 डिग्री सेल्सियस, काजीगुंड में शून्य से नीचे 6.6 डिग्री सेल्सियस जबकि पंपोर क्षेत्र का एक छोटा सा गांव कोनीबल शून्य से नीचे 9.5 डिग्री सेल्सियस के साथ घाटी में सबसे ठंडा स्थान रहा। उत्तर कश्मीर के कुपवाड़ा में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 6.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि दक्षिण कश्मीर के कोकरनाग में तापमान शून्य से नीचे 5.4 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने बताया कि 27 दिसंबर की दोपहर से लेकर अगले दिन सुबह तक ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी की संभावना है। 29, 30 और 31 दिसंबर को मौसम मुख्यतः शुष्क रहेगा लेकिन नए साल की पूर्व संध्या पर ऊंचाई वाले कुछ स्थानों पर हल्की बर्फबारी हो सकती है और 1-4 जनवरी के बीच कश्मीर में छिटपुट जगहों पर हल्की बर्फबारी हो सकती है। चिल्लई-कलां के 40 दिनों के दौरान बर्फबारी की संभावना सबसे अधिक होती है और तापमान काफी गिर जाता है।

### भद्रवाह में ताजा बर्फबारी पर्यटकों को कर रही आकर्षित



**एजेंसी, भद्रवाह ।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में बसा एक शांत शहर भद्रवाह में इस समय पर्यटकों की आमद देखी जा रही है जो मंगलवार को हुई ताजा बर्फबारी के कारण यहाँ पहुँचे हैं। भद्रवाह क्षेत्र में पर्यटकों को बर्फ में खेलते, बर्फ के आदमी बनाते और सर्दियों के मौसम का आनंद लेते हुए देखा जा सकता है। गर्म रहने के लिए वह अलाव के चारों ओर इकट्ठा हुए और गर्म चाय की चुस्की लेते भी देखे गए। भद्रवाह विकास प्राधिकरण के एक अधिकारी बालकृष्ण ने मौसम की दूसरी बर्फबारी और पर्यटकों की बढ़ती दिलचस्पी के बारे में अपनी खुशी साझा की। उन्होंने कहा कि यह केवल एक स्थानीय आकर्षण नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे पास पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों से पर्यटक आए हैं। हमने सभी सुविधाओं का निरीक्षण किया है और यह सुनिश्चित किया है कि पर्यटकों की सुविधा के लिए सब कुछ ठीक हो। कई आगंतुकों के लिए यह अनुभव जादुई से कम नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### हरियाणा के तीन जिलों में भूकंप के झटके, सोनीपत रहा केंद्र

**एजेंसी, चंडीगढ़।** हरियाणा में बुधवार दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र बिंदु सोनीपत जिले के गांव कुंडल रहा है। यहां किसी प्रकार के जानि नुकसान का समाचार नहीं है। बुधवार की दोपहर 12 बजकर 28 मिनट पर भूकंप आया। हरियाणा के रोहतक, सोनीपत और पानीपत में तेज झटके महसूस किए गए और लोग घरों से बाहर निकल आए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.5 रही। इसका सेंटर सोनीपत के कुंडल गांव में पांच किलोमीटर गहराई में रहा। रोहतक के सेक्टर-4 समेत अन्य इलाकों में रहने वाले लोगों ने तेज झटकों के बाद एक-दूसरे को अलर्ट किया।

### जेल की सलाखों के पीछे पहुंचे संभल हिंसा के सात आरोपित

**एजेंसी, मुरादाबाद।** संभल हिंसा में बीते दिन गिरफ्तार किए गए सात आरोपितों को बुधवार को न्यायालय में पेश किया जहां से सभी को जिला कारागार भेज दिया गया। संभल पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई के अनुसार इन सात आरोपितों समेत अब तक 49 आरोपितों को गिरफ्तार करके जेला भेजा जा चुका है। संभल एसपी ने बताया कि बवाल के दौरान जो फोटो लिए गए थे उन फोटो के आधार पर आरोपितों की पहचान हुई और इसी आधार पर इनको मंगलवार शाम को गिरफ्तार किया गया था। 24 नवंबर को जामा मस्जिद सर्वे के दौरान मोहल्ला कोटपूर्वी में बवाल हुआ था।

### शुभेंदु अधिकारी पर आतंकी हमले का खतरा, खुफिया एजेंसियों ने जारी किया अलर्ट

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को लेकर केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने एक बड़ा अलर्ट जारी किया है। रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश स्थित दो कट्टरपंथी संगठनों, जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) और हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) के सदस्य अधिकारी को निशाना बना सकते हैं। इन संगठनों के कुछ सदस्य पहले ही भारत की सीमा में प्रवेश कर चुके हैं। खुफिया एजेंसियों ने बताया कि शुभेंदु अधिकारी को सार्वजनिक कार्यक्रमों के दौरान निशाना बनाया जा सकता है। अधिकारी हाल ही में बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों और हिंदू धार्मिक स्थलों पर हो रहे हमलों के खिलाफ मुखर रहे हैं। इस खतरे को देखते हुए केंद्र सरकार ने अधिकारी की सुरक्षा बढ़ा दी है।

## सबसे पहले नदी जल का महत्व बाबा साहब ने समझा, कांग्रेस ने कभी उन्हें क्रेडिट नहीं दिया: प्रधानमंत्री

### वाजपेयी की स्मृति में डाक टिकट और सिक्का भी किया जारी

### पीएम ने केन-बेतवा लिंक परियोजना का किया शिलान्यास



**एजेंसी, खजुराहो/भोपाल**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत के लिए नदी जल का महत्व सबसे पहले बाबा साहब आंबेडकर ने समझा। भारत में जो नदी घाटी परियोजनाएं बनीं, इसके पीछे उन्हीं का विजन था, लेकिन कांग्रेस ने कभी बाबा साहब को इसका श्रेय नहीं दिया। कांग्रेस की सरकारों ने उनके इस योगदान के लिए किसी को पता नहीं चलने दिया। उन्होंने कहा कि कई राज्यों के बीच नदी जल को लेकर विवाद चल रहा है। जिस समय कांग्रेस की सरकार थी, वो इस विवाद को सुलझा सकती थी, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। अटलजी की सरकार ने पानी से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयास किया, लेकिन उनकी सरकार जाते ही कांग्रेस ने इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को मप्र के खजुराहो में पूर्व प्रधानमंत्री भारत-रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में केन-बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास किया। इसके साथ उन्होंने ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट का उद्घाटन किया। इस मौके पर पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के जीवन पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। प्रधानमंत्री ने अटल जी की स्मृति में डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में अपने संबोधन की शुरुआत बुंदेलखंडी भाषा से की। उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व में क्रिसमस की धूम है। मैं देश और दुनिया भर में उपस्थित ईसाई समुदाय को क्रिसमस की ढेर सारी बधाई देता हूं। मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार का एक साल पूरा हुआ है। मध्य प्रदेश के लोगों को, भाजपा के कार्यकर्ताओं को मैं बहुत-बहुत बधाई देता हूं। इस एक वर्ष में मध्य प्रदेश में विकास को नई गति मिली है। आज भी यहां हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की शुरुआत हुई है। आज ऐतिहासिक केन बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास हुआ है। ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर प्लांट का भी लोकार्पण हुआ है और ये मध्य प्रदेश का पहला फ्लोटिंग सोलर प्लांट है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज अटल जी की जयंती है। आज अटल जी के जन्म के सौ साल हो रहे हैं। अटल जी की जयंती का ये पर्व, सुशासन की हमारी प्रेरणा का भी पर्व है। देश में जब-जब भाजपा को जहां-जहां सेवा करने का मौका मिला है, हमने पुराने रिकॉर्ड तोड़कर काम किया है। आजादी के दिवानों ने जो सपने देखे थे, उन्हें साकार करने के लिए हम दिन रात पसीना बहा रहे हैं। अतीत में कांग्रेस सरकारें, घोषणाएं करने में माहिर हुआ करती थीं। घोषणाएं करना, फीता काटना, दीया जलाना, अखबार में तस्वीर छपवा देना... उनका (कांग्रेस) काम वहीं पूरा हो जाता था और उसका फायदा लोगों को नहीं मिल पाता था। उन्होंने कहा कि मप्र में 1100 से अधिक अटल ग्राम सेवा सदन के निर्माण का काम आज से शुरू हो रहा है। इसके लिए पहली किस्त जारी की गई है। अटल ग्राम सेवा सदन गांवों के विकास को नई गति देंगे।

## नक्सलवाद से निपटने में सीआरपीएफ ने सराहनीय कार्य किया : अमित शाह



**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने नक्सलवाद से निपटने, पूर्वोत्तर राज्यों और जम्मू-कश्मीर में शांति एवं स्थिरता बहाल करने में सराहनीय कार्य किया है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली स्थित सीआरपीएफ मुख्यालय का दौरा किया। इस दौरान गृह मंत्री ने बल के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की और सीआरपीएफ के परिचालन और प्रशासनिक प्रदर्शन की व्यापक समीक्षा की। बैठक में केन्द्रीय गृह सचिव सहित गृह मंत्रालय के अनेक वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस मौके पर केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में आंतरिक सुरक्षा और शांति सुनिश्चित करने में सीआरपीएफ की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। अमित शाह ने भाषाई एकता को मजबूत करने के लिए बल के दैनिक कामकाज में हिंदी को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। शाह ने जवानों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए श्री अन्न (मोटे अनाज) के अधिक से अधिक उपयोग पर बल देने के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य के लिए जवानों से प्रकृति परीक्षण अभियान के अन्तर्गत आयुर्वेद के अधिकाधिक उपयोग का भी आह्वान किया।

## उत्तराखंड के अल्मोड़ा से हल्द्वानी जा रही रोडवेज बस खाई में गिरी, तीन की मौत

**एजेंसी, देहरादून**



उत्तराखंड के नैनीताल जिले में बुधवार को एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। अल्मोड़ा से हल्द्वानी जा रही उत्तराखंड राज्य सड़क परिवहन निगम की बस भीमताल-रानीबाग मोटर मार्ग पर आमडाली के पास करीब 100 मीटर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में तीन यात्रियों की मौत हो गई जबकि 25 गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा अपराह्न करीब 3 बजे हुआ। बस में 28-29 यात्री सवार थे, जिनमें से अधिकांश नर्सिंग छात्राएं बताई जा रही हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र और नैनीताल जिले की पुलिस ने इस हादसे में तीन लोगों की मौत और 25 के घायल होने की पुष्टि की है। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीआरएफ, पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंची। एसडीआरएफ टीम ने रस्सियों और स्ट्रेचर की मदद से घायलों को खाई से बाहर निकाला। सभी घायलों को हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल और अन्य नजदीकी अस्पतालों में भेजा गया।

## केंद्रीय मंत्री गिरिराज ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश को भारत रत्न देने की वकालत की

**एजेंसी, पटना**



केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बुधवार को बेगूसराय में कहा कि 2025 का बिहार विधानसभा चुनाव राजग नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ेगा। साथ ही उन्होंने नीतीश कुमार और ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को भारत रत्न देने की वकालत की। गिरिराज ने कहा कि नीतीश कुमार इतने दिनों तक मुख्यमंत्री रहे। आज के बच्चे, जिनकी उम्र 30 साल है वह नहीं जानते कि लालू प्रसाद के जंगलराज में कुव्यवस्था थी। सड़कें, अस्पतालों और स्कूलों की जर्जर स्थिति थी। नीतीश कुमार ने बिहार को एक ऊंचाई पर ले जाने का काम किया है और ओडिशा में नवीन पटनायक ने इतने वर्षों तक राज्य की सेवा की। ऐसे लोगों को देश में पुरस्कृत करने की जरूरत है। इसलिए ऐसे लोगों को भारत रत्न जैसे पुरस्कार से नवाजा जाना चाहिए। यह पहला मौका है जब भाजपा की तरफ से किसी केंद्रीय मंत्री ने अपनी ही सरकार से यह बड़ी मांग की है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या सच में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नाराज हो गए हैं? दरअसल, बिहार में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में नेतृत्व के सवाल पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले दिनों एक टीवी डिबेट के दौरान ऐसी बात कह दी थी, जिससे बिहार की सियासत गरमा गई थी।

## नौसेना के बेड़े में अगले महीने शामिल होंगे दो स्वदेशी युद्धपोत और पनडुब्बी 'वाग्शीर'

**एजेंसी, नई दिल्ली**

हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की लगातार बढ़ती पैठ का मुकाबला करने को भारत अपनी समुद्री लड़ाकू क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए नौसेना के बेड़े में अगले महीने दो स्वदेशी युद्धपोत और एक डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बी को शामिल करने के लिए तैयार है। नए युद्धपोतों में सबसे बड़ा निर्देशित मिसाइल विध्वंसक सूरत और स्टील्थ फ्रिगेट नीलगिरि हैं, जो इसी माह नौसेना को सौंपे जा चुके हैं। इस बीच रूस में निर्मित नया युद्धपोत आईएनएस तुशील भी स्वदेश आएगा। नौसेना के बेड़े में शामिल होने वाली वाग्शीर भारतीय नौसेना की छठी और कलवरी श्रेणी की अंतिम पनडुब्बी है। आईएनएस वाग्शीर का नाम रेत मछली के नाम पर रखा गया है, जो हिंद महासागर में गहरे समुद्र में रहने वाली एक शिकारी मछली है। पनडुब्बी को सभी ऑपरेशन थियेटर में काम करने के लिए डिज़ाइन किया गया है और यह नौसेना टास्क फोर्स के अन्य घटकों के साथ अंतर-संचालन योग्य है। पनडुब्बी वाग्शीर का विस्थापन 1,600 टन होगा, जिनमें सभी घातक प्रहार के लिए भारी-भरकम सेंसर और हथियार लगे हैं। सूरत और नीलगिरी को पिछले हफ़्ते मुंबई स्थित मझगांव डॉक्स (एमडीएल) ने नौसेना को सौंप दिया था। नौसेना को मिला जहाज 'सूरत' 35 हजार करोड़ रुपये की परियोजना 15 बी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक का चौथा और अंतिम है। इससे पहले पिछले तीन वर्षों में इसी प्रोजेक्ट के तीन जहाजों विशाखापत्तनम, मोरमुगाओ और इम्फाल को नौसेना के बेड़े में शामिल किया जा चुका है।



## केंद्रीय मंत्री मुरुगन ने झारखंड के डालटनगंज में दूरदर्शन एवं आकाशवाणी केंद्र का किया निरीक्षण

**एजेंसी । पलामू**



केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल. मुरुगन ने तीन दिवसीय झारखंड के पलामू दौरे के आखिरी दिन बुधवार को डालटनगंज में दूरदर्शन एवं आकाशवाणी केंद्र का निरीक्षण किया। मोहम्मदगंज में नवनिर्मित रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और यात्री सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान वे मेदिनीनगर सदर प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में छात्राओं से मिले। इसके अलावा भाजपा जिला कार्यालय में अटल जयंती पर प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया। इसके बाद शाम को पटना के लिए रवाना हो गए। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरूगन ने बुधवार सुबह दूरदर्शन एवं आकाशवाणी केन्द्र, डालटनगंज का दौरा किया। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पूरा फोकस आकाशवाणी दूरदर्शन पर है। हम उस दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने दूरदर्शन परिसर में कपूर का पौधा भी लगाया। पलामू जिला लोक कला संस्कृति मंच के अध्यक्ष व आकाशवाणी दूरदर्शन के कलाकार शिशिर कुमार शुक्ला के नेतृत्व में पलामू प्रमंडल के सभी कलाकारों ने केन्द्रीय मंत्री के समक्ष अपनी मांग को रखी। शिशिर ने कहा कि कलाकारों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए मंत्री ने आश्वासन दिया कि बहुत जल्द डालटनगंज के आकाशवाणी-दूरदर्शन केन्द्र में कार्यक्रम शुरू होगा। इस ऐतिहासिक कार्य के लिए पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम का हम सभी कलाकार आभारी हैं, जिनके अथक प्रयास से यह संभव हुआ।

**कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में छात्राओं से किया संवाद-** केंद्रीय मंत्री मुरुगन ने मेदिनीनगर सदर प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में इंजीनियरिंग की तैयारी कर रही छात्राओं से प्रेरक संवाद भी किया। पलामू जिला उपायुक्त शशि रंजन की पहल पर 'सपनों की उड़ान' कार्यक्रम के तहत सदर कस्तूरबा में जिलेभर की 75 कस्तूरबा छात्राओं को इंजीनियरिंग एवं चैनपुर कस्तूरबा में 75 छात्राओं को मेडिकल की तैयारी करायी जा रही है। इसे देखने के लिए केंद्रीय मंत्री ने सदर कस्तूरबा का भ्रमण किया।

**अटल जयंती पर प्रदर्शनी का किया शुभारंभ-** केंद्रीय संसदीय एवं सूचना प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन ने भाजपा जिला कार्यालय में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर उनके पूरे जीवन वृत्त लगाई गई प्रदर्शनी का शुभारंभ एवं अवलोकन किया। मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि अटल के विचार, आदर्श एवं उनके द्वारा किए गए कार्य को देश ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया ने भी सराहा एवं अपनाया है।

# पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर उन्हें नमन किया गया

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व० अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती आज पूरे देश में मनायी गयी। स्व० अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिवस पर राजकीय जयंती समारोह का आयोजन पाटलिपुत्रा पार्क, पटना में किया गया। राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने स्व० अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष श्री नंद किशोर यादव, जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ० दिलीप कुमार जायसवाल, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डे, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री अशोक चौधरी, नगर विकास एवं आवास मंत्री



श्री नितिन नवीन, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्रीमती लेशी सिंह, सांसद श्री रविशंकर प्रसाद, विधायक श्री संजीव चौरसिया, विधायक श्री संजय सिंह, विधान पार्षद श्रीमती कुमुद वर्मा, पूर्व मंत्री श्री रामकृपाल यादव, पूर्व मंत्री श्री शाहनवाज हुसैन, पूर्व विधान पार्षद श्री हरेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार सिंह, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य श्री शिवशंकर निषाद सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी स्व० अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती-पूजन, बिहार गीत एवं देश भक्ति गीतों का गायन भी किया गया।

# जदयू ने अंबेडकर रथ और अल्पसंख्यक विकास कारवां को झंडी दिखाकर किया रवाना

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। बुधवार को जदयू प्रदेश कार्यालय, पटना से अंबेडकर रथ अनुसूचित जाति-जनजाति संवाद यात्रा एवं अल्पसंख्यक विकास कारवां को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, बिहार सरकार के मंत्री अशोक चैधरी एवं रत्नेश सदा ने झंडी दिखाकर रवाना किया। अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश त्यागी के नेतृत्व में अंबेडकर रथ अनुसूचित जाति-जनजाति संवाद यात्रा एवं अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अंसारी के नेतृत्व में अल्पसंख्यक विकास कारवां निकाली गई। उक्त मौके पर विधानपरिषद के पूर्व उपसभापति सलीम परवेज, प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी स्थापना चंदन कुमार

**» गांव-गांव में समानता व सौहार्द का संदेश पहुंचाएगा अंबेडकर रथ और अल्पसंख्यक विकास कारवांः उमेश**

सिंह, पार्टी के वरिए नेता नवीन आर्य चंद्रवंशी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रभारी सह प्रदेश महासचिव मेजर हैदर इकबाल, अनुसूचित जाति के प्रकोष्ठ प्रभारी सह पूर्व विधायक अरुण मांझी, प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी वासुदेव कुशवाहा, राज्य शिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष अफजल अब्बास, राज्य सुन्नी वफ्फ बोर्ड के अध्यक्ष इरशादुल्लाह, प्रमंडल प्रभारी अरुण कुशवाहा, प्रदेश महासचिव अरुण कुमार सिंह, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल, किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार, प्रदेश प्रवक्ता परिमल कुमार, प्रदेश प्रवक्ता नवल शर्मा, रूबेल रविदास, शत्रुघ्न पासवान, राहुल खण्डेलवाल, गोपाल मंडल, राम कुमार राम सहित कई वरिय नेतागण मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि अंबेडकर रथ और अल्पसंख्यक विकास कारवां प्रदेश के गांव-गांव में जाकर सामाजिक न्याय, समानता और सौहार्द का संदेश पहुंचाएगा। साथ ही दलित और अल्पसंख्यक वर्ग के हितों में नीतीश सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का भी व्यापक प्रचार-प्रसार करेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासनकाल में अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण बजट में 400 गुणा की वृद्धि हुई। साथ ही हमारे नेता ने बिहार में दंगामुक्त और भयमुक्त वातावरण को स्थापित किया है। बीते 19 वर्षों के कार्यकाल में प्रदेश में एक भी सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ। मंत्री अशोक चैधरी ने कहा कि हमारे नेता ने कई लोक-कल्याणकारी योजनाओं की शुरूआत कर अनुसूचित जाति-जनजाति एवं अल्पसंख्यक वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है। आगे उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 में अल्पसंख्यक कल्याण का बजट सिर्फ 3.5 करोड़ रुपये था लेकिन आज वही बजट 700 करोड़ रुपये से अधिक का हो गया है। मंत्री रत्नेश सदा ने कहा कि राजद के शासन में बिहार का विकास बेपटरी हो चुका था जिसे हमारे नेता ने पुनः पटरी पर लाने का काम किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी सोच का परिणाम है कि आज हरेक क्षेत्र में बिहार का विकास हो रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री की कृपा से राजनीतिक रोजगार पानेवाले तेजस्वी यादव की उपलब्धि शून्य : जदयू

**पटना**। जदयू प्रदेश प्रवक्ता परिमल कुमार ने तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कृपा से 17 महीने तक राजनीतिक रोजगार पाने वाले नेता प्रतिपक्ष की महागठबंधन सरकार में उपलब्धि शून्य है। उन्होंने कहा कि 17 महीनों तक महागठबंधन सरकार में शामिल रहकर उनकी पार्टी के मंत्रियों ने विभागों में गड़बड़ी करने की कोशिश की और दरअसल यही उनकी उपलब्धि है। पार्टी प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि जब उनकी पार्टी कोटे के मंत्रियों की गड़बड़ियों की जानकारी मिलने लगी तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आरजेडी से अपना दामन छुड़ाया। उन्होंने कहा कि सात निश्चय दो के तहत लाखों की संख्या में युवाओं में रोजगार देनेवाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कामों में भी आरजेडी मंत्रियों ने अडंगा डाला और झूठा श्रेय लेने की कोशिश की। ये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की युवाओं को सरकारी नौकरी देने की राजनीतिक इच्छा शक्ति ही थी कि उन्होंने तत्कालीन आरजेडी के तत्कालीन मंत्रियों के नकारात्मक रवैये के बावजूद शिक्षा विभाग में लाखों की तादाद में शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया को हरी झंडी दी। जिसका परिणाम है कि आज भारी तादाद में युवा राज्य में सरकारी शिक्षक हैं और बच्चों के भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये सभी जानते हैं कि कैसे उस समय आरजेडी कोटे से तत्कालीन शिक्षा मंत्री महीनों अपने विभाग नहीं गए और शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में अड़चन डालने की कोशिश की। दरअसल उन 17 महीनों के कार्यकाल के दौरान आरजेडी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार के विकासोन्मुखी कामों में अडंगा लगाया और भर्ती प्रक्रिया में बाधा डाली। राज्य की जनता आरजेडी के झूठे वादों और उनकी झूठी उपलब्धियों को बखूबी जानती है और आने वाले विधानसभा चुनाव में उन्हें वोट की चोट देकर राजनीतिक सबक सिखाने का काम करेगी।

### विपक्ष नीतीशफोबिया से ग्रस्तः नवल शर्मा

**पटना**। जदयू प्रवक्ता नवल शर्मा ने कहा कि बिहार का विपक्ष नीतीशफोबिया से ग्रस्त हो गया है। इसका कारण है कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में राजनीति करने की जो नई संस्कृति विकसित हुई है उसमें समावेशी विकास , सामाजिक और साम्प्रदायिक सदभाव, बेदाग छवि , सुरक्षा का एहसास, भ्रष्टाचारमुक्त शासन आदि बुनियादी बातें हैं जिनका लालू तेजस्वी में दूर दूर तक कोई अता पता नहीं है । इसका नतीजा है कि लालू और तेजस्वी जैसे लोग अपने आप आउटडेटेड हो चुके हैं,एक्सपायरी माल की तरह,मखमल में टाट के पैबंद की तरह। तेजस्वी की अल्पशिक्षा , राजनीति करने की जातिवादी शैली और जंगलराज की विरासत को बिहार के लोग शायद ही कभी स्वीकार कर पाएं। उपमुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार के साथ रहने के बाद भी तेजस्वी का मन विकास और सुशासन के गुर सीखने के बजाय कहीं और रमा रहा।

### अटलजी की कविताएं और आदर्श आज भी देती हैं नई प्रेरणा : सुमन

**महान देशभक्त और महान कवि थे अटलजी**

**पटना**। प्रावैधिकी एवं आपदा प्रबंधन मंत्री डा संतोष कुमार सुमन ने अटलजी के महान योगदान को याद किया और बताया राष्ट्र निर्माण में उनका उत्कृष्ट योगदान रहा है। एक भव्य समारोह में अटल बिहारी वाजपेई जी की 100वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अटलजी के आदर्श और योगदान राष्ट्र के हर नागरिक के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी सही अर्थों में अजातशत्रु थे। भाजपा के नेताओं के अलावा अन्य दलों में भी उनके प्रशंसक रहे। दृढ़ निश्चय की प्रतिमूर्ति रहे अटल बिहारी के विषय में कहा जा सकता है कि वे अटल थे और सदैव अटल ही रहेंगे। अटलजी के अद्वितीय नेतृत्व का स्मरण करते हुए उनके बहुमूल्य योगदानों पर प्रकाश डाला। डा सुमन ने कहा कि चाहे परमाणु परीक्षण की बात हो, स्वर्णिम चतुर्भुज योजना, या शिक्षा के क्षेत्र में सर्व शिक्षा अभियान, अटलजी ने हर क्षेत्र में देश को नई दिशा दी। उनका वाक्य, 'सरकारें आएंगी, जाएंगी, मगर यह देश रहना चाहिए', आज भी हर भारतीय के मन में गूंजता है। इस अवसर पर भाजपा के जानी मानी हस्तियां मौजूद रहीं। कार्यक्रम का समापन डा संतोष कुमार सुमन ने भावुक संबोधन कर अटल को समर्पित पुष्पांजलि दी। उन्होंने कहा कि अटलजी जैसे व्यक्तित्व को शब्दों में समेटना असंभव है। उनके आदर्श और विचारधारा हमें सदैव प्रेरणा देते रहेंगे।

### भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का शताब्दी वर्ष आज से

**» राज्य मुख्यालय अजय भवन एवं जनशक्ति भवन प्रागंण में कल 11.30 बजे झंडोत्तोलन से शताब्दी वर्ष प्रारंभ**

**पटना**। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का शताब्दी वर्ष समारोह 26 दिसम्बर 2024 से शुरू हो रहा है और 26 दिसम्बर 2025 तक चलेगा। इस दौरान पूरे साल कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। 26 दिसम्बर को पार्टी के राज्य मुख्यालय अजय भवन एवं जनशक्ति भवन के प्रागंण में 11.30 बजे पार्टी के राज्य सचिव राम नरेश पाण्डेय द्वारा झंडोत्तोलन के साथ समारोह का प्रारंभ किया जायेगा। उक्त अवसर पर शताब्दी समारोह शाखाओं, अंचलों और जिला मुख्यालयों में आयोजित किये जायेगें। पार्टी के सदस्यों के घरो पर पार्टी का झंडा फहराया जायेगा। पार्टी के साथ-साथ पार्टी के पूर्व महासचिव ए.बी. बर्धन का भी शताब्दी वर्ष है। इसलिए उनके पुण्यतिथि के अवसर पर 02 जनवरी 2025 को पटना के जनशक्ति भवन के प्रागंण में राज्य स्तरीय शताब्दी समारोह आयोजित की गयी है। समारोह में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डी. राजा, राष्ट्रीय सचिव का० पल्लव सेन गुप्ता, नागेन्द्र नाथ ओझा, पूर्व सांसद आदि शामिल होंगे।भाकपा राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि स्थापना दिवस समारोह सप्ताह मनाने के क्रम में पार्टी की सभी इकाईयों में सदस्यता नवीकरण, नई भर्त्ती-2025 के कामों को सघन रूप से किया जाएगा। पूरे राज्य में शताब्दी समारोह की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। भाकपा की स्थापना 26 दिसंबर 1925 को कानपुर में हुई थी। भाकपा का इतिहास संघर्ष और बलिदान का है। केन्द्र और राज्य सरकार सभी मोर्चे पर विफल साबित हुई है। इस सरकार में दलितों, आदिवासियों, महिलाओं, अल्पसंख्यकों पर अत्याचार बढ़े हैं। मोदी सरकार लोकतंत्र, संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर लगातार हमला कर रही है। लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए भाजपा की गठबंधन वाली सरकार को सत्ता से हटाना भाकपा की प्राथमिकता में शामिल है।

# अटल जयंती पर आयोजित भाषण और पेंटिंग प्रतियोगिता के बच्चों को मनीष सिन्हा ने किया पुरस्कृत

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। बुधवार यानी 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजयपेयी की 100वीं जयंती है। भाजपा सुशासन दिवस के रूप में जयंती को मना रही है। देशभर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में राजधानी पटना के कंकड़बाग स्थित अटल पार्क में भाजपा एनआरआई सेल बिहार द्वारा विशेष कार्यक्रम के तहत भाषणा एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजन किया गया। सर्व प्रथम भाजपा एनआरआई सेल के संयोजक मनीष सिन्हा समेत कई गणमान्य लोगों ने पार्क में स्थित अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर मनीष सिन्हा ने कहा कि देश अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को भूल नहीं सकता। इस बार उनकी 100वीं जयंती है, जिसे हम सभी शताब्दी वर्ष के रूप में मनाएंगे। आज हम सब उनके बताये मार्ग



पर बढ़ रहे हैं, और उनके जन्मदिन को हम सुशासन दिवस के रूप में मना रहे हैं। इसके उपरांत स्कूली बच्चों ने पार्क में आयोजित भाषण एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। वहीं, बच्चों ने पूर्व प्रधानमंत्री के कविताओं का पाठ किया। जिसमें बच्चों ने अटलजी की कविता आओ फिर से दिया जलाएं का उल्लेख करते हुए उनकी संवेदनशीलता और मानवता के प्रति प्रेम को याद किया और उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के समापन पर मनीष सिन्हा ने भाषण, पेंटिंग, काव्य पाठ प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहर्धन किया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए और प्रतियोगिताओं के विजेताओं को उनकी उत्कृष्ट प्रयासों के लिए बधाई दी गई।

# स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी संपूर्ण भारत वासियों के हृदय में बसने वाले लोकप्रिय नेता रहे हैंः- आशुतोष पासवान

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के अवसर पर मुंगेर बेकापुर स्थित अटल चौक पर स्वर्गीय वाजपेयी जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी क्रीड़ा प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय प्रभारी आशुतोष पासवान , पूर्व नगर अध्यक्ष आनंद प्रकाश सिन्हा उर्फ सोमू सिन्हा, भाजपा नेता कृष्ण मंडल एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे कार्यक्रम को संबोधित करते हुएश्री आशुतोष पासवान ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी भारतवर्ष की राजनीति के एक ऐसे महापुरुष रहे हैं जिनके बारे में शब्दों से बयां नहीं किया जा सकता क्योंकि राजनीति में उनकी सुचिता और राजधर्म एवं जनता के लोग कल्याणकारी कई योजनाओं का जो अपने प्रधानमंत्रित्व काल में देश को दिया है उसका आज भूरी भूरी प्रशंसा पक्ष एवं विपक्ष और संपूर्ण जनता खुले मन से कर रहे है ऐसे विलक्षण और दिव्य पुरुष को आज मेरा सत सत नमन है आज अटल बिहारी वाजपेयी जी के उपदेशों को एवं उनके किए गए कार्यों को आत्मसात करने की जरूरत है विशेष कर आज के युवा पीढ़ी को अटल बिहारी वाजपेयी जी की कई ऐसे उदाहरण कार्य हैं जिनका अनुकरण करना चाहिए आशुतोष पासवान



ने आगे कहा कि आज अटल बिहारी वाजपेयी जी के जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से देश से लेकर प्रदेश के सभी बूथ एवं मंडल में कार्यक्रम आयोजित कर उनको श्रद्धांजलि दी जा रही है।

# भाजपा कार्यालय में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी पर कोटि- कोटि नमन करते,चिरैया विधायक लालबाबू प्रसाद गुप्ता

नई सोच एक्सप्रेस

**चिरैया**। चिरैया भाजपा कार्यालय पताही पूर्वी मंडल बूथ संख्या 230 पर सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए चिरैया विधायक लालबाबू प्रसाद गुप्ता गुप्ता के अध्यक्षता में चिरैया विधानसभा कार्यालय में उपस्थित में भारतीय राजनीति के युगपुरुष, सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत, पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती मनाई गई। जहां कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक लालबाबू प्रसाद गुप्ता ने श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा की अटल जी जब बोलते, तो लगता उनकी वाणी में भारत बोल रहा है। भारतीय राजनीति के अजातशत्रु और युगदृष्टा,हम सबके आदर्श



श्री अटल बिहारी वाजपेयी राष्ट्रीय उत्कर्ष और समाज कल्याण को समर्पित उनका जीवन हम सबके लिए जीवंत राष्ट्र प्रेम और प्रेरणा का स्रोत है। आदर्शों और विचारों से कभी समझौता न करते हुए, मां भारती के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले, हम सभी के प्रेरणा स्रोत, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी पर कोटि-कोटि नमन करते हुए चिरैया विधानसभा क्षेत्र के पताही पूर्वी मंडल के बुथ संख्या 230 पर सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए, इस अवसर पर उपस्थित मंडल अध्यक्ष श्री टुनटुन सिंह जी, पप्पू पासवान जी, मंडल महामंत्री श्री देवेंद्र प्रसाद जी शक्ति के प्रमुख श्री निखिल सिंह जी, नागेंद्र गिरी जी, विकाश कुमार जी, संतोष पाठक जी, उमाशंकर राम जी, संतोष सिंह जी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहें मौजूद थे।

# राजद शासनकाल में अपराधियों की चलती थी समानांतर सरकार : प्रभाकर

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने नेता प्रतिपक्ष पर जमकर पलटवार करते हुए कहा कि जिसका मकान शीशे का बना होता है, वह दूसरे के मकान पर पत्थर नहीं फेंकते। तेजस्वी यादव को शायद नहीं पता कि उनके माता-पिता के शासनकाल में अपराधियों की समानांतर सरकार चलती थी। अपराधियों पर सरकार का कोई अंकुश नहीं था। बल्कि सच तो यह है कि राजद के शासनकाल में अपराधियों से भी सरकार कमीशन लेती थी। श्री मिश्र ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि तेजस्वी यादव की स्कूली शिक्षा तो सिफर है ही, व्यावहारिक ज्ञान भी शून्य है। अनाप-शनाप बोलकर अपनी प्रतिष्ठा खुद गवां रहे हैं। ये हमेशा बिना सिर-पैर की बात करते हैं। एनडीए और उसके घटक दल

**» हसीन सपनों में विचरण कर रहे तेजस्वी**

पूरी तरह एकजुट हैं। बड़ा खेला महागठबंधन और उसके दलों में होने वाला है। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले महागठबंधन का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। साथ ही महागठबंधन के दलों में भगदड़ मचने वाला है। राजद और कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता विकल्प की तलाश कर रहे हैं। श्री मिश्र ने कहा कि तेजस्वी यादव को हसीन सपनों में विचरण करने की आदत है। हसीन सपने देखने से सबकुछ हसीन नहीं होने वाला। राजद चुनावी दंगल में चारों खाने चित होगा। चुनाव के पहले तेजस्वी हसीन सपना देखकर खूब खुश हो लें, क्योंकि चुनाव के बाद उनकी खुशी गायब होने वाली है।

# भारत रत्न अटल विहारी वाजपेयी जयंती समारोह आयोजित



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से भारत रत्न प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेयी का जयंती समारोह का आयोजन फाउंडेशन परिषर गोविंदपुर में किया गया । अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि कर लोगों ने श्रद्धांजलि दिया । फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि भारत रत्न अटल विहारी वाजपेयी जी के सपनो के भारत बनाने में युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान है । अटल जी ने राजनीति में जो उच्च मूल्य स्थापित किया है उसे सभी दलों को अपनाने की जरूरत है । उनका कहना था कि सरकारें आयेगी सरकारें जायेगी लेकिन देश को मजबूत रहना चाहिए । चैन से जीना चाहते हो तो भारत को मजबूत करो । देश है तब हम है । राष्ट्रीय एकता और अखंडता को अक्षुण्य बनाये रखने के लिए सभी लोगो को सन्कल्प लेने की जरूरत है । मौके पर सतीश कुमार,सत्येंद्र कुमार, राजेश कुमार पांडेय,अंकित कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे ।

# "महामना मानस संतति सम्मान" से सम्मानित हुए वरिष्ठ पत्रकार कृष्णा पंडित

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना (वाराणसी)**। उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध नगर वाराणसी में स्थित महामना के बगिया के माली द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में पत्रकारिता के क्षेत्र में वरिष्ठ पत्रकार कृष्णा पंडित को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए महामना मानस संतति सम्मान से सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया गया था। ध्यातव्य है कि पत्रकारिता के क्षेत्र में वरिष्ठ पत्रकार कृष्णा पंडित ने 16 वर्षों से मीडिया की दुनिया में अपनी एक मजबूत और अलग पहचान बनाई है। उन्होंने रिपोर्टिंग और लेखनी के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने, नागरिक अधिकारों की रक्षा करने और समाज के हाशिए पर खड़े वर्गों की आवाज बनने, के क्षेत्र में प्रमुखता से कार्य किया है। चौथे स्तंभ के रूप में बेबाक और निडर पत्रकारिता के लिए विख्यात हैं। मीडिया क्षेत्र के अतिरिक्त समय-समय पर सामाजिक कार्यों में भी भागीदारी करते हैं। उनकी लेखनी से लोगों को सीखने का अवसर मिलता है। समारोह में मुख्य अतिथि, कुशीनगर पडरौना से ओम प्रकाश द्विवेदी ने अपने संबोधन में कृष्णा पंडित को उनकी पत्रकारिता की यात्रा और समाज के प्रति उनके योगदान की चर्चा करते हुए बधाई दी। चिकित्सा विज्ञान संस्थान BHU के पूर्व निदेशक राणा गोपाल सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कृष्णा पंडित ने हमेशा सत्य और निष्पक्षता की ओर अपने कदम बढ़ाए हैं और यही गुण उन्हें



पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्हें एक आदर्श बनाते हैं। कार्यक्रम के अंत में कृष्णा पंडित ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि यह सम्मान उनका मनोबल को और बढ़ाया है, और वे आगे भी पत्रकारिता के क्षेत्र में समाज के लिए कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में डॉ सत्य प्रकाश पाण्डेय, सीईओ मुकेश पांडे, सौरभ, इटारसी की प्रेमलता सेशामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### 14 वीं राष्ट्रीय जूनियर एवं सबजूनियर ड्रॉप रोबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 7 जनवरी को

**पटना।** 14 वीं राष्ट्रीय जूनियर एवं सबजूनियर ड्रॉप रोबॉल चैंपियनशिप का आयोजन बिहार में होने जा रही हैं। माउंट लिट्रा जी स्कूल बिहटा पटना में 5 से 7 जनवरी 2025 कों आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में भारत वर्ष के विभिन्न राज्यों से लगभग 500 खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए 25 दिसंबर को बैठक बुलाई गई जिसमें स्पेशल टीम गठित की गई हैं। मीटिंग में ड्रॉप रोबॉल के संस्थापक ईश्वर सिंह, हिमाचल प्रदेश के जनरल सेक्रेटरी गोविंद सिंह एवं बिहार ड्रॉप रोबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विक्रम आदित्य, सूर्य प्रकाश , कुमार कन्हैया, लवली कुमारी उपस्थित थे। इस बात की जानकारी बिहार ड्रॉप रोबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन सचिव विनोद कुमार सिंह ने दी।

### एनडीए सरकार की उपलब्धियों का श्रेय लेना बंद करे तेजस्वी यादव : मनीष

**पटना।** बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा 17 महीने की उपलब्धि बताने पर लोजपा (रा.) प्रवक्ता मनीष सिंह ने हमला बोला है। मनीष सिंह ने कहा कि तेजस्वी यादव 17 महीने के बजाय अपने माता-पिता के 15 साल के शासनकाल की उपलब्धि बताएं जब बिहार को अंधकार युग की संज्ञा दी गई थी। पिछले 19 साल में बिहार का जो भी विकास हुआ है वह एनडीए की सामूहिक उपलब्धि है। तेजस्वी को याद रखना चाहिए कि 2005 में जब उनकी माता राबड़ी देवी को बिहार की जनता ने बिहार की राजगद्दी से बेदखल किया था तब बिहार की जीडीपी एक प्रतिशत से भी कम थी। 2024 में एनडीए के शासनकाल में बिहार की जीडीपी 9 प्रतिशत से भी अधिक हो गई है। लोजपा प्रवक्ता ने कहा कि लालू-राबड़ी के शासनकाल में बिहार में कागज पर पुल बनता था। लालू प्रसाद लोगों को बिजली के तार पर कपड़ा सुखाने की बात करते थे। केंद्र का पैसा बिना किसी इस्तेमाल के वापस लौट जाता था। जहां 2004 में बिहार का बजट 28 हजार करोड़ था वहीं आज बिहार का बजट दो लाख 78 हजार करोड़ है। 2004 में जहां 640 मेगावाट बिजली की आपूर्ति होती थी वहीं आज तीन हजार मेगावाट बिजली की खपत होती है। बिहार की जनता ऐसे लोगों को अच्छी तरह से पहचानती है। बिहार के लोग किसी झांसे में नहीं आने वाले हैं।

### अटल जयंती पर निकाली गई सुशासन यात्रा उपमुख्यमंत्री ने किया नेतृत्व

**पटना।** भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जन्म जयंती के मौके पर बुधवार को दीघा विधानसभा क्षेत्र में सुशासन यात्रा निकाली गई। इसका नेतृत्व उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और स्थानीय विधायक डॉ. संजीव चौरसिया ने किया। यात्रा नेहरू नगर स्थित वन विभाग कार्यालय से पाटलीपुत्र गोलंबर होते हुए अटल पार्क तक गई। वहां दोनों नेताओं ने वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और कार्यकतार्ओं को संबोधित किया। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि अटल जी का जीवन राष्ट्रवाद और जनकल्याण के आदर्शों से प्रेरित था। दूरदर्शी राजनेता के रूप में साहसिक निर्णय लेकर उन्होंने शक्तिशाली और आत्मनिर्भर भारत की नींव रखी। विधायक डॉ. संजीव चौरसिया ने कहा कि अटल जी ने भूख और भय से भारत को मुक्ति दिलाने का संकल्प लिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनका संकल्प साकार करने में जुटे हैं। यात्रा के दौरान भाजपा कार्यकर्ता हाथों में प्ले कार्ड लिये नारे लगा रहे थे। मौके पर सभी मंडल अध्यक्ष, मंच-मोर्चा के पदाधिकारी व प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बिहार जदयू युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्षों की नई सूची जारी

**पटना।** बुधवार को बिहार जनता दल यूनाईटेड युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल के द्वारा जिला अध्यक्षों की नई सूची जारी की गई। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने युवा प्रकोष्ठ के सभी नव-मनोनीत जिला अध्यक्षों के उज्जवल कार्यकाल की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में मिशन-2025 और लक्ष्य-225 को साकार करने में प्रदेश के युवा वर्ग की भूमिका बेहद अहम होने वाली है। हमें पूर्ण विश्वास है कि जदयू का युवा प्रकोष्ठ नए वर्ष में नई ऊर्जा के साथ पार्टी को सफलता की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएगा।

### एचआईवी ग्रसित मरीजों को टीबी संक्रमण का खतरा अधिक

» 1.54 लाख टीबी मरीज वर्ष 2023 में एचआईवी से ग्रसित चिन्हित

» सावधानी : कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता देता है टीबी को आमंत्रण

**पटना।** एचआईवी ग्रसित मरीजों में टीबी संक्रमण का खतरा अधिक होता है। इन मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने से वे आसानी से टीबी संक्रमण की चपेट में आ जाते हैं। ऐसे मरीजों को खानपान एवं दिनचर्या में सुधार लाकर एवं चिकित्सीय परामर्श के अनुसार अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बेहतर करने का प्रयास करना चाहिए। चिकित्सकों के अनुसार, ऐसी स्थिति कोरोना से ग्रसित हो चुके व्यक्तियों में भी हो सकती है। राज्य में वर्ष 2023 में कुल 1,84, 817 टीबी मरीजों को चिन्हित किया गया था और इनमें 1,53,967 मरीज ऐसे थे जो पहले से एचआईवी के मरीज थे। यह कुल चिन्हित टीबी मरीजों का 84 प्रतिशत था. वहीं 2023 में देश के 89% चिन्हित टीबी मरीज एचआईवी ग्रसित थे। पटना निवासी अमरेश कुमार (बदला हुआ नाम) जो कि एचआईवी ग्रसित हैं, उन्हें टीबी हुआ था। अमरेश बताते हैं कि पहले उन्हें विश्वास नहीं हुआ पर जब जांच से पुष्टि हुई तब उन्हें इसकी गंभीरता समझ आई। पहले से एचआईवी और ऊपर से टीबी ने उन्हें झकझोर दिया पर दवा के पूरे कोर्स का सेवन कर उन्होंने टीबी को मात दी। चिकित्सकों के अनुसार बेहतर पोषण से रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत कर टीबी जैसे गंभीर रोग से बचा जा सकता है। इसके लिए खासकर प्रोटीन युक्त आहार का सेवन करना चाहिए. सोयाबीन, दालें, मछली, अंडा, पनीर आदि में प्रोटीन की काफी मात्रा होती है, जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करती है। कमजोर इम्युनिटी से टीबी के बैक्टीरिया से संक्रमित होने की संभावना बढ़ जाती है। फेफड़ों के टीबी के मरीज सर्वाधिक पाए जाते हैं लेकिन यह रोग शरीर के अन्य रोगों को भी प्रभावित करता है।

### काल के कपाल लिखा हुआ था भारत रत्न वाजपेयी जी का नाम:उदय उज्जैन



**पटना।** भाजपा बगेन मंडल अंतर्गत शक्ति केन्द्र भदवर मे भारत रत्न प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी जी के 100 वी जयंती सुशासन दिवस के रुप मे मंडल अध्यक्ष उदय उज्जैन के नेतृत्व मे बगेन मंडल के दर्जनो बुथ पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया वही 340 बुथ पर मंडल महामंत्री मंजी पासवान के नेतृत्व मे श्रद्धेय बाजपेयी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया बगेन शाक्ती केन्द के बरूहा मे मंडल कोषाध्यक्ष राजु चौधरी के नेतृत्व मे भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर पुष्प अर्पित एवं मिठाई बाट कर मनाया गया इस कार्यक्रम मे बगेन मंडल अध्यक्ष उदय उज्जैन ने कहा कि अटल बिहारी बाजपेयी जी हिन्दुस्तान के सर्व मान्य नेता थे उनके जैसा नेता होना मुश्किल है वे भारत के तीन बार प्रधानमंत्री बने थे उनको चाहने वाले दुसरे दल के लोग भी थे इस कार्यक्रम मे मंडल अध्यक्ष उदय उज्जैन, मंडल , रामजी कुमार, रमन कुमार, अजय कुमार, मोहन ठाकुर, दीपक कुमार ठाकुर, प्रतिक कुमार, रेयांश उज्जैन, गुलशन कुमार, विजय कुमार मुशहर सहित दर्जनो लोग शामिल रहे ।

# महिला प्रेरित सम्मान से सम्मानित हुयी कुमारी जूही सिन्हा

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** द टाइगर इवेंटस, महिला कल्याण मंच ट्रस्ट और सेंट्रल हयूमैन राइटस संस्था की ओर से आयोजित महिला प्रेरित सम्मान में कुमारी जूही सिंन्हा को सम्मानित किया गया। राजधानी पटना के अमित होटल में महिला प्रेरित सम्मान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अलग-अलग क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं को महिला प्रेरित सम्मान से सम्मानित किया गया। कुमारी जूही सिंन्हा को नेत्रहीन दिव्यांग जनों की सेवा के लिये सम्मानित किय गया।कुमारी जूही सिंन्हा दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए कार्य करती है साथ में ब्लड डोनेट कैंप भी आयोजन करती है।कुमारी जूही सिंन्हा ब्रेली इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग एंड रिसर्च पटना की सचिव है। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पटना की उप महापौर श्रीमती रेश्मी चंद्रवंशी उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के तौर पर अंजुम आरा,अपना संसार के डायरेक्टर राजू कुमार.अर्चना कुमारी इंस्पेक्टर साइबर थाना पटना. डॉ अनामिका.. प्रेम कुमार.. अलका मिश्रा. ज्योति मिश्रा..पुष्पा तिवारी. आरजे रामा मूर्ति..तथा कई गणमान्य अतिथि रहे।इस आयोजन को सफल बनाने मे राहुल रॉय, ब्रजेश कुमार, विकास गुप्ता,शशि शर्मा,आकाश अजनबी, दिनेश अरोरा,मोनू श्रीवास्तव,चिंटू कुमार, डॉ पिंकी रंजन, सोनिया यादव, प्रवीण केशरी, विकास कुमार तथा महिला कल्याण मंच ट्रस्ट की टीम का बहुत बड़ा योगदान रहा। द टाइगर इवेंटस के डायरेक्टर केशरी टाइगर एवं केंद्रीय मानवाधिकार बिहार राज्य सचिव रिपु राज ने बताया कि बिहार तथा सम्पूर्ण भारत में महिला शक्ति आत्मनिर्भर और प्रेरणादायक बेटियां एवं महिलायें है, जो अपने प्रतिभा क़े बल पर समाज में एक प्रेरणा बनी है। उन सभी महिला शक्ति क़े सम्मान में महिला प्रेरित सम्मान का आयोजन किया गया है,जिससे की बिहार की बेटी और महिला शक्ति को एक ताकत प्रदान हो।

## एनी बेसेंट इंटरनेशनल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी और खाद्य महोत्सव का आयोजन



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** एनी बेसेंट इंटरनेशनल स्कूल में आज एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी विज्ञान परियोजनाओं का प्रदर्शन किया और विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री श्याम रजक एवं बिहार पुलिस संघ के अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह ने शिरकत की। कार्यक्रम में विशेष रूप से स्कूल के निदेशक शैलेंद्र सिंह, चेयरमैन दिलीप सिंह और प्रबंधक प्रमुख आदित्य प्रताप भी उपस्थित रहे। इन गणमान्य व्यक्तियों ने विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना की और इस कार्यक्रम की सफलता के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपनी विभिन्न नवाचारों और परियोजनाओं को प्रस्तुत किया, जो विज्ञान के क्षेत्र में उनके ज्ञान और रचनात्मकता को दर्शाते हैं। वहीं खाद्य महोत्सव में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न व्यंजनों का स्वाद लिया गया, जिससे उपस्थित सभी लोग मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम में रवि, निशु, एंजेल, आदित्य, विकास और श्रेया द्वारा बनाये गए प्रोजेक्ट की सभी ने तारीफ की। कार्यक्रम का समापन बहुत ही उत्साह और जोश के साथ हुआ और सभी ने इसे एक सफल और यादगार आयोजन माना।

## एस डी एफ विद्याधन ने राज्यभर में 70 छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान किया- प्रेम कुमार

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** विद्याधन बिहार ,सरोजिनी दामोदरन फाउंडेशन द्वारा द ईगल व्यू, सम्पतचक, पटना में चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सह छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष राज्य भर से 200 छात्रों का चयन छात्रवृत्ति के लिए किया गया, जिनमें से 70 छात्रों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। चयनित छात्रों को इंटरमीडिएट के लिए प्रति वर्ष 10,000 रुपये की छात्रवृत्ति राशि तथा यदि वे अच्छा प्रदर्शन करना जारी रखते हैं, तो उन्हें डिग्री कोर्स के लिए प्रति वर्ष 15,000 रुपये से 75,000 रुपये के बीच राशि दी जाती है। मुख्य अतिथि के रूप में प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गाँधीवादी प्रेम जी ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है युवाओं कैरियर चुनने में यह प्रशिक्षण बहुत ही उपयोगी है । विद्या धन योजना से छत्रो मदद मिल रहा है । उन्होंने युवाओ को लक्ष्य निर्धारित कर उस पर ध्यान केंद्रित करने का अपील किया है । वहीँ प्रथम फाउंडेशन के प्रभाकर कुमार ने छात्रों को उनकी रुचि के अनुसार अपना करियर चुनने का सुझाव दिया। इस मौके पर राज्य समन्वयक अंशुल कुमार मेहता ने बताया कि इन चार दिनों के प्रशिक्षण में छात्रों को लाइफ स्किल्स से जुड़ी बातें और आर्ट्स, साइंस और कॉमर्स में मौजूद सभी कोर्स और इसके महत्वपूर्ण संस्थानों के बारे में विस्तार से बताया गया। इस मौके पर दीपेन्द्र प्रसाद, मनिकेत कुमार, डिम्पल अन्य स्कॉलर भी उपस्थित रहे।

## 100 गरीबों को बांटे गए कंबल, भजन संध्या में बही भक्ति की धारा

नई सोच एक्सप्रेस



» स्व. सुशीला देवी की पुण्यतिथि पर किया गया आयोजन

**पटना।** पुण्यात्मा सुशीला देवी की पुण्यतिथि के अवसर पर रघुनाथगंज सूर्य मंदिर परिसर में कंबल वितरण सह भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 100 लोगों को कंबल का वितरण रघुनाथगंज सूर्य मंदिर परिसर में सामाजिक संस्था सामयिक परिवेश, महिला इमदाद कमेटी तथा नवगीतिका लोक रसधार की ओर से सभी लाभुकों को कंबल प्रदान किया गया । साथ ही सभी को चूड़ा और गुड़ का पैकेट भी दिया गया। कार्यक्रम में सामाजिक संस्था सामयिक परिवेश की अध्यक्ष, महिला इमदाद समिति की उपाध्यक्ष, वरिष्ठ लेखिका और समाज सेविका ममता मेहरोत्रा, महिला इमदाद कमेटी की मानद सचिव डॉ पूनम चौधरी, बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका डॉ नीतू कुमारी नवगीत, रतनी फरीदपुर पंचायत समिति के उप प्रमुख राजेश्वर प्रसाद, समाजसेवी सुनील गायक राजेश केसरी आदि ने अपने कर कमलों से सभी को कंबल चूड़ा, गुड़आदि प्रदान किया। सभी अतिथियों ने सुशीला देवी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें प्रसिद्ध लोक गायिका डॉ. नीतू कुमारी नवगीत, गायक राजेश केसरी, दिव्या श्री, पिंटू पांडे आदि ने भजनों और भक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में शिक्षाविद् दीपू जी,बबलू कुमार, शंकर कुमार, शंभू प्रसाद, अजय प्रसाद, सुबेलाल प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

# 35वीं बिहार क्रिस कंट्री अथेलिटिक्स चैंपियनशिप का सफल आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस

» राज्य के सभी जिलों से 1950 युवा एवं युवतियों ने भाग लिया




**पटना।** बुधवार को बिहटा में पहली बार लई उच्च विद्यालय में बिहार राज्य एथलेटिक्स संघ तथा स्व सुरेश सिंह फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वधान में 35वीं बिहार स्टेट क्रॉस कॉन्ट्री चैंपियनशिप सम्पन्न हुआ।प्रतियोगिता का शुभारंभ स्व सुरेश सिंह फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष क्षितिज रंजन, संरक्षक श्यामनंदन सिंह, डॉ आशुतोष कुमार के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। पहले राउंड महिलाओं के 10 किलोमीटर दौड़ में प्रथम स्थान भागलपुर निवासी सोनी प्रिया, दूसरे स्थान पर सारण निवासी शिव मालती कुमारी एवं तृतीय स्थान पर रीना कुमारी रही। वही पुरुष दौड़ में प्रथम रोहतास निवासी प्रिंस राज मिश्रा, दिव्तीय पटना निवासी प्रिंस कुमार एवं तृतीय जमुई निवासी सुरेंद्र कुमार अपना स्थान शुरक्षित किया।वही दूसरे, तीसरे और चौथे दौड़ के 06 किलोमीटर लड़की (20) दौड़ में प्रथम पर सारण निवासी रुखसार खातून एवं दुसरे स्थान पर शेखपुरा के शिवानी कुमारी रही। 04 किलोमीटर लड़की (18) दौड़ में प्रथम स्थान पर रोहतास निवासी काजल कुमारी, द्वितीय स्थान पर सिवान की गुंजा कुमारी एवं तीसरे स्थान पर अनिशा कुमार रही। 02 किलोमीटर लड़की (16) दौड़ में प्रथम स्थान पर समस्तीपुर निवासी आँचल कुमारी, द्वीतीय स्थान पर रिया कुमारी एवं तृतीय स्थान पर दरभंगा निवासी प्रतिभा कुमारी रही।वही 08 किलोमीटर पुरुष (20) दौड़ में प्रथम स्थान जहानाबाद निवासी प्रियांश कुमार, द्वीतीय दरभंगा निवासी मोनू कुमार एवं तृतीय स्थान पर अरवल निवासी संजीत कुमार रहे। 06 किलोमीटर पुरुष (18) दौड़ में प्रथम स्थान पटना निवासी राजन राज, द्वितीय स्थान समस्तीपुर निवासी विजय कुमार एवं तृतीय स्थान पर गया निवासी रोहित कुमार रहे। वहीं 02 किलोमीटर पुरुष (16) दौड़ में प्रथम भागलपुर निवासी नीतीश कुमार, द्वीतीय समस्तीपुर निवासी जितेंद्र कुमार एवं तृतीय स्थान पर जहानाबाद निवासी अंकित कुमार रहे। विजेता राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में लेंगे। इस संबंध में पटना एथेलेटिक्स संघ के अध्यक्ष क्षितिज रंजन ने बताया कि राज्य के 38 जिला से करीब 1050 युवा-युवतियो ने भाग लिया था। सभी प्रतिभागियों के चयन ज़िला एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में जिला क्रॉस कंट्री एथलेटिक्स प्रतियोगिता कर किया गया था। जिसमे महिला वर्ग एवं पुरुष वर्ग से कुल 24 लोगो ने चारो दौड़ में प्रथम, द्वीतीय एवं तृतीय स्थान को प्राप्त किया। उन्होने बताया कि विजेता टीम को गुरुवार को स्व सुरेश सिंह फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वावधान में नगद इनामी राशि के साथ मेडल एवं प्रशिष्टपत्र का वितरण किया जाएगा। उन्होने कहा कि इसी प्रतियोगिता के आधार पर राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता के लिए बिहार टीम की घोषणा की जाएगी। डॉ आशुतोष कुमार ने कहा कि स्व सुरेश सिंह फाउंडेशन ट्रस्ट बिगत तीन सालों से किसानो की खुशहाली, निशक्त एवं लाचार को स्वालंबन एवं युवाओ कुशलयोग बनाने के लिये लगातार जो कार्य कर रही हैं। वह विकसित समाज के लिये एक वरदान साबित हो रहा है। हर मनुष्य को सामाजिक विकास के लिये कार्य करना चाहिये। उन्होने लोगो से अपील करते हुए सामाजिक कार्य का हिस्सा बनने पर बल दिया। स्व सुरेश सिंह फाउंडेशन ट्रस्ट के संगरक्षक श्याम नंदन सिंह ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा खेल का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य है कि युवाओं में खेलों के प्रति रुचि उन्हें नशे से दूर रखने में सहायक होती है। युवाओं को चाहिए कि वे अपने अंदर खेलों के प्रति लगाव पैदा करते हुए किसी भी खेल का हिस्सा बनें। नशा को खत्म करना हम सबकी नैतिक व सामाजिक जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि आपसी सहयोग व एकजुटता से ही युवा वर्ग को नशे की प्रवृति से दूर रखा जा सकता है। बिहटा में पहली बार हो रही राज्य स्तर का दौड़ को देखने के लिये सुबह सात बजे से ही युवा-युवतियो सहित क्षेत्र के हज़ारों लोगों की भीड़ उमड़ी रही। सभी धावकों को तेज दौड़ने के लिये लोग उनकी हौसला अफजाई कर रहे थे। वही दौड़ में कोई बाधा न हो इसके लिए पुलिस की एक बड़ी संख्या तैनात की गई थी। रास्ते मे एम्बुलेंस, फायर, चलंत शौचालय सहित पानी, जूस आदि की व्यवस्था की गई थी।

## रूबी कुमारी की पुस्तक आज क्या खाना बनेगा एक अनुत्तरित प्रश्न का लोकार्पण

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** लेखिका रूबी कुमारी की नवीनतम पुस्तक "आज क्या खाना बनेगा? एक अनुत्तरित प्रश्न"" का लोकार्पण आज बुधवार को कंकड़बाग कॉलोनी में खाद्य एवं पोषण विभाग, भारत सरकार की प्रशिक्षिका डॉ गीता जैन द्वारा किया गया। यह पुस्तक व्यंजनों की एक विशेष श्रृंखला प्रस्तुत करती है, जो न केवल स्वादिष्ट हैं बल्कि सेहतमंद भी हैं। इस अवसर पर, लेखिका रूबी कुमारी अपनी पुस्तक 'आज क्या खाना बनेगा' के लोकार्पण के लिए बहुत उत्साहित हैं। यह पुस्तक मेरे द्वारा साझा किए गए व्यंजनों की एक संग्रह है, जो मुझे उम्मीद है कि पाठकों को पसंद आएगी। रूबी कुमारी ने बताया कि डॉ गीता जैन मुझे बराबर खाना बनाने के बारे में बताया करती थीं खाना कम खर्च में स्वादिष्ट के साथ साथ पौष्टिक भी होना चाहिए। गीता जैन ने ही मुझे प्रेरणा दी थी। इस पुस्तक को लिखने में मेरे पति अरुण कुमार सिन्हा का काफी अधिक सहयोग रहा। डॉ गीता जैन ने पुस्तक के लोकार्पण के दौरान कहा । रूबी कुमारी की पुस्तक 'आज क्या खाना बनेगा' एक अद्वितीय संग्रह है, जो व्यंजनों की विविधता को प्रस्तुत करती है। यह पुस्तक न केवल खाना पकाने के शौकीनों के लिए उपयुक्त है, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए भी प्रेरित करती है। मौके पर सुनैना कुमारी,जीता कुमारी, रोहन कुमार, रेहा सहित अन्य मौजूद थे।

## 11वें वार्षिकोत्सव पर नन्हें कलाकारों ने मचाई धूम

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना सिटी।** सामाजिक संस्था शेखर फाउंडेशन द्वारा संचालित लिटिल चैंप्स स्कूल का 11वां स्थापना दिवस समारोह बुधवार को संदलपुर रोड स्थित परमेश्वर कम्युनिटी हॉल में धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीता साहू, मेयर पटना, नन्दकिशोर यादव,अध्यक्ष, बिहार विधान सभा,डॉ रजनीश कांत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया। अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान के निदेशक चंद्रशेखर ने संस्थान के 11 वर्षों के कार्यों एवं आने वाले समय में विद्यालय की योजनाओं और शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने जैसे विषयों पर प्रकाश डाला। प्रस्तुतियों की शुरूआत गणेश वंदना से हुई, जिसके बाद फिल्मी गानों और पंजाबी एवं हरियाणवी लोक नृत्य पर बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण पर भी बच्चों ने प्रस्तुतियां दीं जिससे कार्यक्रम में उपस्थित लोग भावविभोर हो गए।प्रस्तुति देने वाले बच्चों में दिव्यांशु राज यश्वी कुमारी, अहाना राज, मोनू कुमार, हंसिका सुमन, सिजा शांडिल्य, काव्या राज, वेदिका कर्ण, सार्थक, निश्चय, मीठी, आरव, अनिका, ईशान्वी, अंशिका, देवांशि, अनिरुद्ध, आरव आदि शामिल रहे।इस मौके पर मुख्य अतिथि नंद किशोर यादव ने कहा कि विद्यालय केवल ज्ञान का मंदिर नहीं बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का स्थल है जहां संस्कार एवं अनुशासन की नींव रखी जाती है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक समाजसेवी एवं छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षिकाओंः रितु किरण, सारिका पूर्णिमा, नौशबा, आरती, विद्या, सौम्या, नेहा, भूपेंद्र, चंद्रजीत, आफरीन, अंजली, ऋतांभरा, लवली, संध्या एवं वैष्णवी का विशेष योगदान रहा।

संक्षिप्त समाचार

## इनर व्हील क्लब सारण ने ब्लाइंड स्कूल के बच्चों के साथ मनाया क्रिसमस डे



**छपरा।**25 दिसंबर को ईसा मसीह के जन्मदिन के अवसर पर पूरे देश में क्रिसमस डे मनाया जाता है। इनर व्हील क्लब सारण की अध्यक्ष शिल्पी कुमारी ने ब्लाइंड स्कूल के स्पेशल बच्चों के साथ क्रिसमस डे के अवसर पर क्रिसमस टोपी पहनाया और के साथ केक काटा गया । बच्चों के बीच केक, चॉकलेट्स, बिस्किट और समोसा वितरण किया गया,जिसे खाकर बच्चे बहुत खुश हुए। तत्पश्चात, ब्लाइंड स्कूल में एंपावर पीपल विद स्पेशल एबिलिटी पर बच्चों को स्वेटर दिया गया और उनके बीच क्विज प्रतियोगिता कराया गया। विजेताओं को प्रथम,द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिया गया। फिर स्कूल के प्रांगण में अध्यक्ष व सदस्यों ने पौधारोपण भी किया। स्कूल के प्रिंसिपल को अध्यक्ष ने अंग वस्त्र और पौधा देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर क्लब की सदस्य गायत्री गुप्ता और रेनू गुप्ता उपस्थित रही। इसकी जानकारी अध्यक्ष शिल्पी कुमारी ने दिया ।

## युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा की वर्तमान कमिटी भंग, जल्द नई कमिटी का होगा गठन

**छपरा।** जिले में सामाजिक कार्यों के साथ साथ छात्रों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करने वाली युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा की सारण कमिटी को सर्वसम्मति से बुधवार को भंग कर दिया गया। पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सह मोर्चा प्रमुख संरक्षक छात्र नेता शेख नौशाद ने कहा कि जल्द ही संगठन का विस्तार करते हुए,नये साल में छात्रहित के मुद्दे को लेकर जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा में बड़ा आंदोलन किया जाएगा ।

## देसी शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**सुगौली।** स्थानीय पुलिस ने वाहन जांच अभियान के तहत एक सौ लीटर देसी शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है साथ ही कार को भी हिरासत में ले लिया है। पुलिस को जानकारी मिली कि एक कार से भारी मात्रा में देसी शराब लाई जा रही है। जानकारी मिलते ही पुलिस ने वनस्वति भाई अस्थान के समीप वाहन जांच अभियान चलाने लगे। पुलिस को देखते हैं चालक गाड़ी तेज करने लगा लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। जब गाड़ी कि जांच किया गया तो सीट के नीचे एक सौ लीटर देसी शराब बोरा में रखा किया था। शराब व कार को पुलिस ने हिरासत में ले लिया साथ ही कार पर सवार तीनों व्यक्ति को गिरफ्तार कर ली। इस संबंध में थाना अध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि बनकटवा के तरफ से आ रही कार को तलाशी ली गई। जिसमें भारी मात्रा में देसी शराब बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति तुरकौलिया थाना क्षेत्र के नयरियवा गांव निवासी अर्जुन कुमार व मनू कुमार सुगौली थाना के गिद्दा गांव निवासी राजू कुमार को गिरफ्तार किया गया है। इन सभी को न्याय हिरासत में भेज दिया गया।

## क्रिसमस की रही धूमः सुबह से ही चर्च में पहुंचे लोग,सामूहिक प्रार्थना सभा में लिया हिस्सा

**खगौल।** नगर में बुधवार को क्रिसमस की धूम रही। बड़ी संख्या में लोग लाल चौक स्थित बैपटिस्ट यूनियन चर्च में पहुंचे और सामूहिक प्रार्थना सभा में शामिल हुए। प्रार्थना सभा खत्म होने के बाद मोमबत्ती जलाने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।इस मौके पर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। चर्च को आकर्षक रौशनी से सजाया गया था।इस मौके पर धार्मिक गीत गाए गए। लाल चौक के चर्च में फादर पास्टर रीतेश के नेतृत्व में सामूहिक प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। इस मौके पर क्रिश्चिचन एवं हिंदू समुदाय के लोग प्रार्थना सभा में देखने को मिले।इस वर्ष प्रभु यीशु के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। वहीं मेडिकल कालोनी स्थित रोमन कैथोलिक चर्च में भी प्रार्थना का आयोजन हुआ। लाल चौक खगौल स्थित बैपटिस्ट यूनियन चर्च के आयोजनकर्ता आनंद कुमार उर्फ पॉली गांगुली एवं पप्पू गांगुली ने बताया कि बुधवार को क्रिसमस के मुबारक मौके पर बड़ी संख्या में लोग चर्च पहुंचे। चर्च परिसर में मोमबत्ती जलाकर प्रभु यीशु को याद किया। नगर परिषद के मुख्य पार्षद सुजीत कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता चंदू प्रिन्स ने बताया कि यहां हर वर्ष क्रिसमस के मौके पर भव्य मेले का आयोजन किया जाता है। यहां खाने-पीने के दूकानों के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होता है। नगर अध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया कि खगौल में क्रिसमस का पर्व बहुत धूमधाम से मनाया जाता है।लोग यहां आकर आपस में प्रेम और भाईचारा का संदेश स्थापित करने के साथ-साथ देश में अमन चैन शांति और तरक्की के लिए भगवान यीशु से प्रार्थना किए। क्रिमसम की प्रार्थना में शामिल एवं मोमबत्ती जलाने पहुंचे लोगों ने चर्च के बाहर सजे दुकानों से खूब खरीदारी की।इस मौके पर सांता की ड्रेस, केक से लेकर क्रिसमस ट्री की जम कर खरीदारी की गई। इसके अलावा सेंटा का मास्क, कपड़े और सेंटा की टोपी की भी लोगों ने खरीदारी की। काफी संख्या में आए लोगों ने मेले का भरपूर आनंद लिया। मौके पर खगौल नगर परिषद मुख्य पार्षद सुजीत कुमार ,पूर्व नगर उपाध्यक्ष सुनील कुमार, अजय कुमार यादव,सामाजिक कार्यकर्ता चंदू प्रिन्स,बैपटिस्ट यूनियन चर्च के सचिव पप्पू गांगुली,पॉली गांगुली, इशिका राज, नव्या राज ,सारा श्रृष्टि मिंज,शमा तिर्की, श्रुति,नवीन कुमार, राकेश मेहता उर्फ पप्पू, धर्मेंद्र कुमार सिंह,समाजसेवी जितेंद्र वत्स, टैस्बदार, विक्टर, रंजीत प्रसाद सिन्हा आदि मौजूद थे।

## न्यू बाल विकास केंद्र के बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा




**बगहा।** बड़ा दिन के उपलक्ष्य पर न्यू बाल विकास केंद्र के बच्चों द्वारा झांकी की प्रदर्शनी की गई. जिसमे बच्चो द्वारा अपनी अपनी झांकीयां प्रस्तुत की गई. उस झांकी में प्रियांशु कुमार UKG-A ने प्रथम स्थान,ओजस कुमार LKG-A ने द्वितीय स्थान तथा आराध्या कुमारी LKG-A ने तृतीय स्थान प्राप्त किए. इन विजेताओं को प्राचार्य श्रीकांत वर्मा ने पुरस्कृत किया. निर्णायक मंडल में विनोद कुमार गुप्ता, रमेश प्रसाद, पल्लवी कुमारी आदि थे. विद्यालय परिवार इन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

# लोक कवि सह नाटककार पद्म श्री भिखारी ठाकुर की 137 वीं जयंती मनाई गई

नई सोच एक्सप्रेस



**बिहारशरीफ।** बिहारशरीफ के किडज केयर कान्वेंट विद्यालय में जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन नालंदा के तत्वावधान में भारत रत्न जननायक कपूरी साहित्य परिषद के द्वारा लोक कवि सह नाटककार पद्म श्री भिखारी ठाकुर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित करते हुए हर्षोल्लास के साथ 137 वीं जयंती समारोह पखवाड़ा के रूप में मनाई गई। इस मौके पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।कवियों ने अपने कविताओं से चार चांद लगा दिए। इस सारे कार्यक्रम का अध्यक्षता भारत रत्न जननायक कपूरी साहित्य परिषद (बिहार) के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार ने की एंव इनके हाथों से उपस्थित सभी अतिथियों को भेंट स्वरूप बुद्ध की प्रतिमा दी गई। मंच का संचालन उमेश कुमार उमेश ने की। इस मौके पर अति पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुख्य अतिथि माननीय श्री रामदेव चौधरी अति पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री बलराम साहब ने संयुक्त रूप से कहा कि भिखारी ठाकुर का जन्म 18 दिसंबर 1887 को बिहार के सारण जिले के कुतुबपुर गांव में हुआ था। उनका जन्म एक नई परिवार में हुआ था उनके पिता का नाम दल सिंगार ठाकुर और मां का नाम शिवकली देवी था। भिखारी ठाकुर एक बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे, वे कवि, गीतकार,नाटककार नाट्य निर्देशक, लोक संगीतकार और अभिनेता थे। भिखारी ठाकुर ने समाज की कुरीतियों पर प्रहार किया और जातिवाद की पीड़ा को दिखाया। भिखारी ठाकुर ने कई नाटक लिखे, जिनमें से कुछ के नाम है, बेटी बेचवा, गब्बर घी चोर और बेटी वियोग। भिखारी ठाकुर ने लगभग 29 किताबें लिखी।भिखारी ठाकुर के नाटकों में सामंती ठसक, गांव की गरीबी,जातिवाद पलायन की पीड़ा और विरह की वेदना दिखती थी। भिखारी ठाकुर के नाटकों में दलित और निचली जातियों के लोगों के किरदार होते थे। भिखारी ठाकुर के नाटकों में महिलाओं के मुद्दों को कुशलतापूर्वक दर्शाया गया है। इस अवसर पर जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के सचिव विशिष्ट अतिथि माननीय श्री महेंद्र कुमार विकल भारत रत्न जननायक कपूरी साहित्य परिषद बिहार प्रदेश महासचिव राजेश ठाकुर एवं उमेश कुमार उमेश ने अपने अपने कविताओं से चार चांद लगा दिए इस मौके पर अति पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा के जिला महासचिव उमेश पंडित आशुतोष कुमार मौर्य अधिवक्ता भंते सतपाल उर्फ राकेश संगठन मंत्री अजय शर्मा मुकेश शर्मा उपेंद्र शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

## जयंती पर याद किए गए महामना मदन मोहन मालवीय



नई सोच एक्सप्रेस

» संस्कृति द मॉडल स्कूल में मनाई गई जयंती

**छपरा।** भारत रत्न जैसे सम्मान से सम्मानित देश रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी की 163 वीं जयंती स्थानीय संस्कृति द मॉडल स्कूल के सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं ने महामना के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित की। आचार्य हरेराम शास्त्री ने कहा कि महान सोच के धनी महामना मालवीय बहुआयामी व्यक्तित्व के महापुरुष थे। उन्होंने शिक्षा की ज्योति को जन-जन तक पहुंचाने के लिए काशी हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना की। देश के विकास में उनका योगदान अतुलनीय है। वहीं प्राचार्य संदीप आनंद ने कहा कि बी.एच. यू. एक ऐसा केंद्रीय विश्वविद्यालय है जहाँ विज्ञान और तकनीकी के साथ साथ संस्कृत और धर्म की शिक्षा छात्रों को दी जाती है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद रहे। पुनः महामना को पुष्प अर्पित कर सभा का समापन किया गया।

## बीजेपी के सोनपुर नगर मंडल अध्यक्ष निर्वाचित हुए मुकेश कुमार सिंह




नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा।** सोनपुर नगर पंचायत के गजग्राह चौक पर स्थित संगत ग्राउंड में भारतीय जनता पार्टी के नगर मंडल सोनपुर की बैठक निवर्तमान नगर मंडल अध्यक्ष शशि भूषण कुमार सिंह की अध्यक्षता में की गई । जहाँ सर्व सम्मति से वर्तमान नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बबलू को सोनपुर नगर मंडल अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित किया गया | इस कार्यक्रम में भाजपा के जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह,मंडल चुनाव प्रभारी एवं पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश उपाध्याय,सोनपुर सदर दक्षिणी मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा,नरेश सिंह, धनजय सिंह सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्त्ता उपस्थित होकर नगर मंडल मुकेश सिंह व दक्षिणी मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा को फूल मला पहनाकर स्वागत किया। दोनों अध्यक्षों ने कहा कि पार्टी ने जिस तरह से हम पर विश्वास किया है उस विश्वास पर खड़ा उतरने का प्रयास करेंगे।

# रुक्मणी बिल्डटेक के निदेशकों पर 50 हजार इनाम

नई सोच एक्सप्रेस



» पीड़ित फ्लैट खरीदारो ने इश्तिहार लगाकर किया इनाम की घोषणा

**फुलवारी शरीफ।** पटना के संपतचक नगर परिषद के भोगीपुर मैं स्थित निमार्णाधीन रुक्मणी बिल्डटेक का अपार्टमेंट एकता पुरम मैं दी जाने वाली सुविधाओं अन्य समस्याओं को नजरअंदाज कर फ्लैट खरीदारों को भगवान भरोसे छोड़ने वाले रुक्मणी बिल्डटेक के निदेशकों अजीत आजाद, रेणु आजाद, मानब कुमार सिंह, राजीव कुमार ठाकुर, अमित चौबे, अशोक कुमार सिंह, एवं अभिषेक अशोक कुमार का पता बताने वाले को 50,000 इनाम दिए जाने की घोषणा करते हुए बजाप्ता वहां इश्तिहार का बोर्ड लगाया गया है। 50 हजार इनाम वाली इश्तिहार का होर्डिंग लगते ही इलाके मे चर्चा का विषय बन गया.वहीं लगाये गये इश्तिहार मे पीड़ित फ्लैट खरीदारो ने विनम्रतापूर्वक अपनी पीड़ा का इजहार करते हुए कहा है कि नोएडा के सरोज कुमार ठाकुर, रुक्मणी आउटोमोटीव सर्विसेज पैजावा (पटना) के निदेशक मनोज कुमार ठाकुर, बांका सिल्क के निदेशक उद्दयन सिंह एवं सिवान के दवा व्यावसायी सोलिवेयर फार्मा के राजन कुमार उर्फ अतुल कुमार आदी लोग रुक्मणी बिल्डटेक के निदेशको को पनाह दे रहे हैं। हम लोगो से धोखाधड़ी कर रुक्मणी बिल्डटेक ने करोड़ो रुपए ठगी किया और उसी पैसे से ये लोग व्यापार कर रहे हैं। पीड़ित फ्लैटियरो ने आम जन से अपील किया है कि मानवता के आधार पर हमे रुक्मणी बिल्डटेक के निदेशको का पता सुचित करें जिससे हम लोग किसी भी तरह अर्धनिर्मित फ्लैट को पुरा बनवा सकें. फरार निदेशकों का पता बताने वाले को 50,000 इनाम दिया जाएगा। इस संदर्भ मे मुकुल कुमार एवं विनय कुमार ने बताया कि जल्द ही फ्लैट पीड़ित फ्लैट खरीदारो का प्रतिनिधिमंडल रुक्मणी बिल्डटेक के प्रबंध निदेशक अजीत आजाद के भाई व रुक्मणी आउटोमोटीव सर्विसेज के निदेशक मनोज कुमार ठाकुर से पैजावा स्थित कार्यालय मे मिलकर समस्याओ के समाधान का आग्रह करेगा।

## अगामी मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक विकास यात्रा को लेकर जिला जदयू कार्यालय लोहिया आश्रम मे एक बैठक की गई

नई सोच एक्सप्रेस



**समस्तीपुर।** दिनांक 25 दिसम्बर 2024 को स्थानिये लोहिया आश्रम में जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की बैठक जिलाध्यक्ष अताउर रहमान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें आगामी 25 दिसम्बर से बिहार प्रदेश जदयू द्वारा घोषित मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक विकास यात्रा के तत्वाधान में प्रदेश अध्यक्ष, अशरफ अंसारी साहब का जिलावार कार्यक्रम में 27 दिसम्बर से 29 दिसम्बर तक विभिन्न प्रखण्डों में भ्रमण कार्यक्रम तय किया गया, जहाँ उक्त कार्यक्रमोंकी सफलता हेतु रणनीति बनाई गई। तथा प्रमुख साथियों को उक्त कार्यक्रम की अलग-अलग ज़िम्मेदारी दी गई। संचालन प्रांतीय नेता इजहार अशरफ साहब ने किया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ० शाहीद आज़ाद, हाजी गिलमान अहमद साहब, शारिक रहमान लवली, रेयाज़ हसन, चुन्नु बाबू, सद्दाम हुसैन, मो० रमज़ानी, दानिश कमाल, सरफराज, आलम, अनवर आलम, तबरेज अंसारी, तौहीद अंसारी, अनस रिज़वान, मो० राजा अहमद, अब्दुल कुस, मो० मोजाम्मिल, वगैरह सारे कार्यकर्ता मौजूद थे।

लेट्स इंस्पायर बिहार
राहुल कुमार सिंह
मुख्य कोऑर्डिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

# बिहार को सम्मान दिलाने के कठिन परिश्रम

नई सोच एक्सप्रेस



**[ दशकों से बिहार के प्रतिभा को नष्ट होते देख रहा हूं, कभी जातिवाद विरोधी रहा तो कभी उचित छत्रछाया न मिलना लक्ष्य से दूर होने का प्रबल कारण बना। लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान की स्थापना के बाद से सभी युवाओं के लिए अपना द्वार आईपीएस विकास वैभव ने खोल रखा है और, बेहद सरलता से सभी को मार्गदर्शित करते है। साथ ही ऊर्जावान युवाओं को सम्मानित भी करते है। ]** कई दृष्टिकोणों से उस परिवार को खूबसूरत माना जाता है जिस परिवार के युवा सदस्यों की सोच पूर्ण सार्थकता के साथ ईमानदार और एक दिशा में हो, जो अपने घर को सुंदर बनाने और सजाने में पुरजोर कोशिश करते रहते हैं। युवाओं के जोश और कर्तव्य का आपसी तालमेल ही लघुवादियों द्वारा बुने जाल को तोड़ने में कामयाबी हासिल कर लेता है। ऐसे आधुनिक शिक्षा ग्रहण करने वाले युवाओं के हृदय में जात पात का भेदभाव अपना कालिख पोत नहीं पाता। उनके हृदय में तो देश प्रेम का दीप प्रज्ज्वलित होता हैं। इस देश भक्ति के दीप को बुझाने का भरपूर प्रयत्न लघुवादियों द्वारा किया जाता रहा हैं। लेकिन अधिकांश लोग अपने घरों को लघुवादों की लुकाटी से लगाई गई प्रचण्ड आग से बचाना चाहते हैं। स्वार्थ और चंद रुपए के खातिर युवाओं के भविष्य को लघुवाद के दलदल में फेंक देने वाले लोगों को मातृभूमि की मिट्टी माफ़ नहीं करती हैं। ऐसे लोगों का अंजाम अत्यंत बुरा होता हैं। लघुवादियों के समानांतर कुछ सज्जन लोग भी समाज में रहते हैं। जो युवाओं को प्रेरित करते रहते हैं। लघुवादियों द्वारा फैलाए जा रहे विष बेल लताओं में न उलझने की सलाह देते हैं। संस्कार भरकर युवाओं को सभ्यता और संस्कृति के नव इतिहास को लिखने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। ऐसे साहसी लोग विरले होते हैं। जब नजदीक से आईपीएस विकास वैभव को लघुवादियों के विचारों से लड़ते हुए देखता हूं तो यहीं पाता हूं कि अदम्य साहस वाले ये वहीं सज्जन है। जिन्हें, ईश्वर ने युवाओं के मार्ग को प्रशस्त करने के लिए देवत्व ऊर्जा प्रदान कर दिया है। दिन रात बिहार के समाज और बिहार के युवाओं के लिए सजग प्रहरी की भांति कठीन परिश्रम कर रहे हैं। उन्हें पता है कि बिहार में युवाओं की संख्या अभी अत्यधिक हैं। और, इन युवाओं ने जब एक बार सामूहिक रूप से लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान से जुड़ने की सहमति जताई तो, बिहार राज्य को भारत का ताज और विश्व गुरु बनने से कोई रोक नहीं सकता हैं। बिहार के चहुओर विकास के लिए युवाओं के हृदय में जोश पूर्ण संकल्प का होना जरूरी है। और, इस संकल्प दीप को प्रज्ज्वलित करने के लिए आईपीएस विकास वैभव अपने लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के सदस्यों के साथ टिके हुए हैं। यह भी सच्चाई है कि कई दशकों से लघुवादियों ने अपने जाल को बुन रखा हैं। और, वगैर युवाओं के आत्मशुद्धि के वगैर उनका साथ लिए, लघुवादियों द्वारा बुने जाल को तोड़ना एक दुरूह कार्य है। इसलिए बिहार के उज्जवल भविष्य के लिए युवाओं का जोश पूर्ण सहयोग चाहिए। और, उनके साथ को लेकर आईपीएस विकास वैभव चिंतनशील है। आइए, मिलकर इस चिन्तन में उनका साथ निभाते हैं। मिलकर बिहार को प्रेरित करते हैं।

## भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी की जन्म शताब्दी दिवस मनाया गया



नई सोच एक्सप्रेस

**समस्तीपुर।** कल्याणपुर प्रखंड के वासुदेवपुर में भारतीय जनता पार्टी के दरभंगा जिला प्रभारी और प्रदेश के नेता उमेश चंद्र प्रसाद कुशवाहा जी के आवास पर माननीय पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म शताब्दी दिवस पर उन्हें नमन करते हुए स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता राजन कुमार सिंह बूथमंत्री रामबालक महतो लाभार्थी प्रमुख राम सुंदर भारती मिथलेश कुशवाहा अशोक कुशवाहा अखिलेश कुमार ठाकुर सोहन शर्मा एवं समाज के प्रमुख व्यक्ति उपस्थित हुए।

## वाजपेयी की 100वीं जयंती मनाई गई

नई सोच एक्सप्रेस



**सुगौली।** भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष चंदन गुप्ता के अध्यक्षता में सुगौली विधान सभा कार्यालय में पुर्व मंत्री रामचंद्र सहनी के उपस्थित में भारतीय राजनीति के युगपुरुष, करोड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्त्रोत, पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती मनाई गई। जहां कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री श्री साहनी ने श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा की अटल जी जब बोलते, तो लगता उनकी वाणी में भारत बोल रहा है। भारतीय राजनीति के अजातशत्रु और युगदृष्टा,हम सबके आदर्श श्री अटल बिहारी वाजपेयी राष्ट्रीय उत्कर्ष और समाज कल्याण को समर्पित उनका जीवन हम सबके लिए जीवंत राष्ट्र प्रेम और प्रेरणा का स्त्रोत है। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता रामगोपाल खंडेलवाल, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष विकाश शर्मा,संजय संजु,सुजीत सहनी,शम्भु यादव, अमर प्रसाद, प्रशांत सर्राफ, प्रिंस चौबे,बृजकिशोर पासवान, नितेश यादव, राज कुमार, बजरंगी सर्राफ,केदार कुमार सहीत कई लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### इंडो फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड का आईपीओ मंगलवार, 31 दिसंबर, 2024 को खुलेगा




**पटना।** इंडो फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड ने मंगलवार, 31 दिसंबर, 2024 को 10 अंकित मूल्य के 12,100,000 इक्विटी शेयरों की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश खोलने का प्रस्ताव रखा है। एंकर निवेशक बोली की तिथि बोली/प्रस्ताव खुलने की तिथि से एक कार्य दिवस पहले है, जो सोमवार, 30 दिसंबर, 2024 है। बोली/प्रस्ताव बंद होने की तिथि गुरुवार, 2 जनवरी, 2025 है। ऑफर का मूल्य बैंड 204 प्रति इक्विटी शेयर से 215 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 69 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 69 इक्विटी शेयरों के गुणकों के लिए बोलियां लगाई जा सकती हैं। आरंभिक सार्वजनिक पेशकश में 8,600,000 इक्विटी शेयरों का नया निर्गम और प्रमोटर विक्रय शेयरधारक रणबीर सिंह खडवालिया द्वारा 3,500,000 इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश शामिल है। कंपनी के इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। आर्यमान फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड इस ऑफर का बुक रनिंग लीड मैनेजर है।

### ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड ने सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

**पटना।** एम्पीयर, एल्ट्रा और एली ब्रांडों के मशहूर ईवी निर्माता ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड, ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक, सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड व्यक्तिगत और वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए बी2सी और बी2बी दोनों ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करते हुए इलेक्ट्रिक दोपहिया (ई-2डब्ल्यू) और तिपहिया (3डब्ल्यू) खंडों में वाहनों की एक पूरी श्रृंखला पेश कर चुकी है। ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के अनुसार, कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम में 1000 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम और विक्रय शेयरधारकों द्वारा 18.9 करोड़ शेयर बिक्री की पेशकश शामिल है। बिक्री के लिए प्रस्ताव घटक के तहत, ग्रीव्स कॉटन लिमिटेड, प्रमोटर विक्रय शेयरधारक 5.1 करोड़ इक्विटी शेयरों का विनिवेश करेगा और अब्दुल लतीफ जमील ग्रीन मोबिलिटी सॉल्यूशंस डीएमसीसी, निवेशक विक्रय शेयरधारक 138,398,200 इक्विटी शेयरों (13.8 करोड़ शेयर) का विनिवेश करेगा। कंपनी, बीआरएलएम के परामर्श से, रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल करने से पहले 200 करोड़ रुपये तक के प्री-आईपीओ प्लेसमेंट पर विचार कर सकती है। यदि प्री-आईपीओ प्लेसमेंट पूरा हो जाता है, तो नए इश्यू को ऐसे प्री-आईपीओ प्लेसमेंट की सीमा तक कम कर दिया जाएगा। मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स लिमिटेड, आईआईएफएल कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड और जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।

### आज वाणावर महोत्सव आयोजन का आयोजन किया जा रहा है - अलंकृता




**जहानाबाद !** जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय द्वारा जिलावासियों, युवाओं, बुद्धजीवियों, जन प्रतिनिधियों सहित सभी आमजनो से वाणावर महोत्सव में भाग लेने हेतु अपील किया है। ज़िला प्रशासन की ओर से निःशुल्क सिटी राइडर बसों से कार्यक्रम स्थल तक पहुँचने के लिए विशेष व्यवस्था की गयी है। गीत, संगीत के प्रेमियों के साथ साथ सभी जिला वासियों को सूचित किया जाता है कि 26 दिसंबर गुरुवार को वाणावर की तलहटी में वाणावर महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में में दर्शकों के पहुंचने के लिए आम लोगों के लिए सिटी राइडर बस सेवा की व्यवस्था की गई है। कुल चार सिटी राइडर बस सेवाएं सुबह 08:00 बजे से संचालित होगी । जिला मुख्यालय के अरवल मोड़ से दो बस एवं दो बस मखदुमपुर रेलवे स्टेशन के समीप से शुरू होगी। कार्यक्रम के दिन बस सेवा 08 बजे सुबह से लगातार अपने निर्धारित स्थल से वाणावर कार्यक्रम स्थल तक आमजनों को लाना और ले जाना सुनिश्चित है। सभी आम जनों से अनुरोध है कि इस सेवा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और सपरिवार कार्यक्रम में सम्मिलित होकर वाणावर महोत्सव का आनन्द उठाएं।

# अवैध रूप से चल रहे टोटो पर लगे प्रतिबंध ताकि लोगों को मिले जाम से निजात

नई सोचएक्सप्रेस

» जाम की समस्या से शहर को मुक्त कराने की उठी मांग
» चैम्बर ऑफ कॉमर्स की कार्यकारिणी समिति की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा



**कटिहार।** नॉर्थ ईस्टर्न बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की कार्यकारिणी समिति की बैठक चैम्बर भवन में हुई जिसमें शहर को जाम की समस्या से मुक्त कराने की मांग की गई। अवैध रूप से चल रहे टोटो पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई ताकि शहर के लोगों को जाम से निजात मिल सके। कटिहार वासियों से अपील की गयी कि शहर को जाम से मुक्त कराने के लिए नगर निगम से पारित नक्शे के मुताबिक ही भवन निर्माण का कार्य कराये ताकि शहर सुंदर और स्वच्छ दिखे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए चैम्बर अध्यक्ष सह विधान पार्षद अशोक अग्रवाल सदस्यों की मांगों का समर्थन करते हुए आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को पूरा करते हुए शहर में विकास को उसकी मंजिल तक पहुंचाया जाएगा। महासचिव भुवन अग्रवाल ने समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया कि कटिहार शहर के रेलवे स्टेशन के पास होने से बड़ी संख्या में व्यवसायी यहां हर रोज आते हैं। हर रोज करोड़ों का कारोबार होने के बाद भी यातायात सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है।शहर में टोटो की बढती संख्या से हर रोज लगनेवाली जाम की समस्या की ओर विधान पार्षद का ध्यान आकृष्ट कराया गया। सदस्यों ने कहा कि टोटो की जाम की समस्या से निजात के लिए टोटो पार्किंग बनाया जाना निहायत ही जरुरी है। पार्किंग के बन जाने से शहर में जहां-तहां टोटो खड़े कर दिए जाने से लगनेवाली जाम से लोगों को छुटकारा मिल जाएगी। दुकानदारों से अपील की गयी कि अपनी दुकानों के सामने अवैध रूप से दुकान नहीं लगवाएं।अवैध रूप से सड़कों पर दुकान लगवाने से जाम की समस्या बनी रहती है। जाम की समस्या का समाधान के लिए नगर निगम प्रशासन की ओर से चलाये जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान में साथ देने की शहरवासियों से अपील की गयी। शहर की साफ-सफाई की पुख्ता व्यवस्था के साथ समय पर कचरा उठाव और प्रबंधन पर भी बल दिया गया। बैठक में बिमल सिंह बेंगानी,अनिल चमरिया,गणेश चौरसिया,निर्मल डालमिया, रवि महावर, जगदीश साह, सीमा देवी,गणेश डोकानिया,संजीव महेश्वरी,मनोज सुराणा,श्याम चंद्रवंशी, इन्द्रजित सिन्हा,राधेश्याम अग्रवाल,सुरेश अग्रवाल,संजीव सुरेका,श्रवण मोर आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## ई.जायसवाल को नेशनल एनजीओ क्लब के राष्ट्रीय मिडिया प्रमुख बनाए गए


नई सोचएक्सप्रेस



**नई दिल्ली।** कहा जाता है कि यहां जिंदगी तो जानवर भी काट लेता है, पर जिंदगी जियो इस कदर कि मिसाल बन जाए। कुछ इस तरह के समर्पण कि बजह से अभियंता आर के जायसवाल को नेशनल एनजीओ क्लब के आजीवन राष्ट्रीय प्रमुख बनाया गया है। ग़ौरतलब हो कि समाजसेवी जायसवाल को पहले ही समाज के प्रति समर्पण के चलते अनेकों संथाओं में महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी सौंपी जा चुकी है।राष्ट्रीय मानवाधिकार एक्शन फोरम के पिछले पाँच वर्षों से राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी बने हुए हैं। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शुभम द्विवेदी ने राष्ट्रीय पदाधिकारियों कि सूची जारी कर फ़ोन पर इसकी सूचना देते हुए समाजसेवी जायसवाल को शुभकामनाएँ दी।उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि नेशनल एनजीओ क्लब एक रजिस्टर्ड यूनियन है जिसमें 1500 से ज्यादा एनजीओ सम्बद्ध है एवं 22 राज्यों तक विस्तार हो चुका है। नेशनल एनजीओ क्लब का कार्य है एनजीओ के कल्याण के लिए कार्य करना उन्हें एनजीओ संबंधित सारी सुविधाएं एक ही जगह प्रदान करना एवं सम्बद्ध एनजीओ को सही मार्गदर्शन प्रदान करना और आनेवाले समय में हम सभी एकजुट होकर संगठन को मजबूती देने के साथ साथ समाज हित में बेहतर कार्य करेंगे।साथ ही कहा कि इसके लिए समाजसेवी अभियंता आर के जायसवाल के कलम से साहसिक, कर्मठ व निष्ठा के साथ लेखन द्वारा समाज कि आवाज को भविष्य में भी मंजिल तक पहुंचने में सफल होंगे। वहीं श्री जायसवाल ने कहा कि हमारा परम कर्तव्य है कि समाज के प्रति अपने दायित्व को पूरी तरह से निभाएं क्योंकि जिस देश के नागरिक समाज के प्रति जागरूक होते हैं आगे वही देश जाता है। जायसवाल को अनेक समाजसेवी व गण्यमान् व्यक्तियों द्वारा शुभकामनाएं व बधाई का सिलसिला जारी है।

## पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती को भाजपा ने सुशासन दिवस के रूप में मनाया

नई सोचएक्सप्रेस



**गोड्डा।** मेहरमा स्थित डाक बंगला परिसर में बुधवार को भाजपा की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की सौवीं जयंती को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनके तस्वीर पर पुष्कर अर्पित उनके जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया सिंह पटेल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती को भाजपा की ओर से सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। कहा कि वाजपेई ने अपनी सौम्यता, सहजता तथा सहृदयता से न सिर्फ करोड़ों भारतीय के दिलों में खास जगह बनाई, वरन विश्व के स्वनाम धन्य नेताओं को भी अपने नाम की सार्थकता पूरे दमखम के साथ दिखाई। वाजपेई भविष्य के भारत के कल्पना पुरुष थे। उनकी सादगी एवं वाकपटुता आज भी लोगों की स्मृति में अमिट है। कहा कि न सिर्फ भाजपा, बल्कि विरोधी भी उनकी विद्वता के कायल थे तथा आज भी सम्मान पूर्वक उन्हें याद करते हैं। अन्य वक्ताओं ने भी उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला तथा उनकी उपलब्धियों, यथा स्वर्णिम चतुर्भुज योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, खासकर पोखरण में सफल परमाणु परीक्षण आदि को गिनाया। इस अवसर पर अध्यक्ष उमेश पासवान, उपाध्यक्ष हरीकिशोर मिश्र, महामंत्री राजेश सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष आलोक पासवान, तुलसी बागची, बलराम कुशवाहा, राजेश लाला, भूपेंद्र रविदास, निलेश दास, राजेश भगत, रिंकू श्रीवास्तव, ब्रजकिशोर प्रसाद, आशीष ठाकुर, प्रिंस पराग सहित अन्य उपस्थित थे।

## ओला इलेक्ट्रिक ने देश में 4,000 स्टोर्स तक का रिकॉर्ड बनाया

नई सोचएक्सप्रेस



**पटना।** ओला इलेक्ट्रिक जो भारत की सबसे बड़ी ईवी कंपनी के नाम से जानी जाती है, उसने अपने नेटवर्क को 4,000 स्टोर्स तक बढ़ाने की घोषणा करी, जो मौजूदा नेटवर्क से चार गुना ज्यादा है। यह दुनिया में ईवी नेटवर्क के सबसे बड़े विस्तारों में से एक माना जा रहा है, इस विस्तार से यकीनन देश में ईवी तक लोगों की पहुंच आसान हो जाएगी और ईवी के क्षेत्र में बहुत बड़ा विकास होने की संभावनाएं भी काफी हद तक बढ़ जाएंगी साथ ही ईवी के प्रति भरोसा और उसे अपनाने को मजबूती भी मिलेगी। कंपनी ने बड़े पैमाने पर ईवी अपनाने की अपनी प्रतिबद्धता के चलते 3,200 से भी ज्यादा नए स्टोर्स को लॉन्च किया है, जो सर्विस सुविधाओं के साथ जुड़े हुए हैं। ऐसा कर कंपनी ने टियर-1 और टियर-2 शहरों के अलावा छोटे छोटे कस्बों और तहसीलों तक अपनी पहुंच को बड़ी गहराई से बढ़ाया है। इस विस्तार के साथ ओला इलेक्ट्रिक ने अपने #सेविंग वाला स्कूटर अभियान के तहत किए गए वादे को पूरा कर दिया है। भविष अग्रवाल ओला इलेक्ट्रिक के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर ने बताया कि, "हमने जो वादा किया था, उसे आज पूरा कर दिखाया है। भारत के ईवी के सफर में आज का दिन बहुत बड़ा है, क्योंकि हमने अपने नेटवर्क का विस्तार हर शहर, हर कस्बे और हर तालुका तक कर दिया है। हमारे नए स्टोर्स, जो सर्विस सेंटर्स के साथ जुड़े हैं, उन्होंने ईवी खरीदने और उसे इस्तेमाल करने के अनुभव को पूरी तरह से बदल दिया है।

## दीपिका सहनी आई ग्लैम मिस इंडिया यूनिवर्स 2024 की खिताब बंगाल में हासिल की, बधाईयों का लगा तांता

नई सोचएक्सप्रेस

» अभिभावकगण, बच्चे बच्चियों की प्रतिभा नहीं होने दें कुंठित - दीपिका सहनी



**खगड़िया।** कहते हैं, जुनून और जज़्बा हो तो कठिन से कठिन मुकाम को हासिल किया जा सकता है। फ़रकिया की बेटी दीपिका सहनी ने आई ग्लैम ग्रैंड फ़ाइनल 2024-2025 अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिता में मिस इंडिया का खिताब जीत कर फ़रकिया ही नहीं पूरे बिहार का मान बढ़ाई। प्रतियोगिता का आयोजन बंगाल के साल्ट लेक के एक प्रतिष्ठित होटल के सभागार में किया गया था, जहां देश के विभिन्न राज्यों से पधारे युवक एवं युवती प्रतिभागियों ने भाग लिया। कॉम्पटीशन काफी टफ था। आई ग्लैम की फाउंडर एंड डॉयरेक्टर देवजानी मित्रा द्वारा आयोजित सौंदर्य प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डली में शामिल थे फ़ैशन डिजाइनर शांतनु गुहा ठाकुरता, मिसेज इंडिया 2020 कल्पना सुराना, मिस इंडिया पैसीफिक दिशा गुप्ता आदि। बंगाल से खिताब लेकर खगड़िया पहुंचने पर स्टेशन पर दीपिका सहनी के भव्य स्वागत किया गया। मिस इंडिया विनर दीपिका सहनी ने एक विशेष भेंट में इस मीडिया से कही प्रतिस्पर्धा की दौर में छोटे से छोटे प्रतियोगिता में सफलता हासिल करना बहुत बड़ी बात है। सफलता प्राप्त करने के लिए महीनों तैयारियां करनी पड़ती है। स्वास्थ्य विभाग में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर के पद पर कार्यरत रहते हुए "ब्यूटी विथ रिस्पॉन्सबिलिटी" थीम पर अखिल भारतीय स्तर के कंपीटिशन की तैयारी करना एक जोखिम भरा कार्य है। आगे दीपिका सहनी कहती हैं पारिवारिक जिन्दगी, कार्यालय का कम काज करते हुए मैंने इच्छा और दृढ़ शक्ति की बदौलत माता रानी की कृपा से मिस इंडिया विनर" बन पाई। आई ग्लैम मिस इंडिया यूनिवर्स 3024 - 2025 की खिताब प्राप्त करने वाली दीपिका सहनी ने बिहार के तमाम अभिभावकों से अपील की है कि अपने बच्चे और बच्चियों की प्रतिभा को कुंठित होने नहीं दें। उनकी रुचि के अनुसार बच्चों के चहेते क्षेत्र में ही आगे बढ़ने दें और बच्चों को फुल्ली सपोर्ट करें ताकि बच्चे अपनी इच्छानुसार क्षेत्र में ऊंची मुकाम तक पहुंच सकें। आगे, दीपिका सहनी ने कहा अब, मेरा मंजिल है अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खिताब जीतना। दीपिका सहनी को बधाई देने वालों में प्रमुख हैं प्रमिला देवी, महिला पत्रकार इन्दु प्रभा, बचपन की मैनेजिंग डायरेक्टर पुष्पा कुमारी, एडवोकेट अनीता कुमारी, बिहारी पॉवर ऑफ इंडिया के चेयरमैन डॉ अरविन्द वर्मा, आर के मिशन स्कूल के डॉयरेक्टर मनोज कुमार भगत, कैट के जिला अध्यक्ष प्रमोद केडिया, स्वास्थ्यकर्मियों के नेता चंद्रशेखर मंडल तथा ध्रुव कुमार आदि।

## मनुस्मृति की प्रतियां जलाई गई



नई सोचएक्सप्रेस

**बिहारशरीफ।** बिहार शरीफ के अस्पताल चौक स्थित अति पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में मनुस्मृति की प्रतियॉ जलाई गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान नेता अति पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा के संरक्षक चंद्रशेखर प्रसाद ने की। इस मौके पर अति पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदेव चौधरी,प्रदेश अध्यक्ष सह संस्थापक बलराम दास ने संयुक्त रूप से कहा कि 25 दिसंबर 1927 को अंबेडकर ने महाराष्ट्र के महाड गांव में मनुस्मृति की प्रतियां जलाया था। भीमराव अंबेडकर के इस कदम पर उच्च जातियों में काफी नाराजगी फैली थी।मनुस्मृति को दलित हमेशा सामाजिक अन्याय के ग्रंथ के रूप में देखते हैं। महाराष्ट्र में नए स्कूली पाठ्यक्रम में एक ऐसे चैप्टर को लेकर विवाद हो गया है इसकी शुरुआत मनुस्मृति के एक श्लोक से हुई। बढ़ती नाराजगी के बाद सरकार ने इसे हटा लिया।मनुस्मृति हमेशा से देश में सामाजिक तौर पर विवादित ग्रंथ माना जाता रहा है। डॉ भीमराव अंबेडकर ने तो इसे जातिवादी और पिछली जातियों के प्रति अन्याय करने वाला बताया था। उन्होंने इसे पिछड़ी जातियों के प्रति अन्याय का प्रतीक मानते हुए जलाया था। हालांकि उस समय इसका बहुत विरोध हुआ था, नाराजगी भी फैली थी। मनुस्मृति दहन में अति पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक के जिला महासचिव उमेश पंडित जिला उपाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद मोहम्मद अब्दुल्ला सुरेंद्र ठाकुर राजेश ठाकुर भीम आर्मी सह आजाद समाज पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष धनवंती बौद्ध कार्यकर्ता राजवीर आदि लोग उपस्थित थे।

## सुशासन दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट मुखिया के रूप में जिहूली मुखिया विकास कुमार को राजपाल किए सम्मानित

नई सोचएक्सप्रेस


▪ सुशासन दिवस के अवसर पर राजपाल किए सम्मानित
▪ पंचायत में बेहतर कार्य करने को लेकर किए गए हैं चिन्हित



**पताही।** चंपारण के जिहुली मुखिया विकास कुमार उर्फ निक्कू सिंह को बिहार के विशिष्ट मुखिया के रूप में चम्पारण के जिहूली मुखिया विकास कुमार को राजपाल किए सम्मानित।, 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के अवसर पर पटना में आयोजित कार्यक्रम में राजपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर द्वारा सम्मानित किया गया। जिहुली मुखिया को कार्यक्रम में भाग लिए पंचायती राज के संयुक्त सचिव नजर हुसैन द्वारा पत्र के माध्यम से नेवता दिया गया। उक्त पत्र में विशिष्ट मुखिया के रूप में बिहार के मात्र पांच मुखिया को चिन्हित किया गया है। जिसमें चंपारण से जिहुली मुखिया का नाम शामिल है। जबकि अन्य चार मुखिया में जहानाबाद,बक्सर,नालंदा एंव सीतामढ़ी के मुखिया का नाम शामिल है। जिहुली मुखिया द्वारा अपने पंचायत बेहतर कार्य करने को लेकर बिहार का विशिष्ट मुखिया के रूप में नाम चयनित किया गया है। जिहुली मुखिया अपने पंचायत में बेहतर तरीका से कुआं का जिम्नोद्धार, यात्री शेड का निर्माण, हाई स्कूल एंव मध्य विद्यालय का चारदीवारी, मनरेगा पार्क का निर्माण, पंचायत के गरीब परिवार के बेटी का कन्यादान, पंचायत में बेहतर तरीके से ग्राम सभा का आयोजन एवं नियमानुसार पंचायत के अभिलेख का संरक्षित करना एवं पंचायत के बेहतर संचालन को लेकर जिला के चर्चित मुखिया के रूप में जाने जाते हैं। उक्त सम्मान को लेकर मुखिया विकास कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि यह सम्मान पंचायत के जनता के स्नेह, प्रेम एंव सहयोग देन है। यह सम्मान पर पंचायत के जनता जनार्दन का अधिकार होगा। वहीं ज़िला सहित पंचायत के शुभचिन्त लोगों ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं।

## आजाद वेलफेयर सेन्टर,गया द्वारा मगध गौरव सम्मान से नवाजा गया दर्जनों पत्रकारों, शिक्षाविद,समाजसेवी और चिकित्सक को

नई सोचएक्सप्रेस

**राजगृह ( नालन्दा )।** मगध गौरव सम्मान में दर्जनों पत्रकार,लघु पत्र - पत्रिका से जुड़े पत्रकार, सोसल मीडिया, यूट्यूबर, पोर्टल से जुड़े पत्रकार, लब्धप्रतिष्ठ शिक्षाविद, समाजसेवक और चिकित्सकों भव्य समारोह नवाजा गया । उन्हें प्रतीक चिह्न ( मोमेंटों ) और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आजाद बेलफेयर सेन्टर, गया द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन राजगृह के अनुमण्डलाधिकारी, कुमार ओमकेश्वर ने किया। उन्होंने सामाजिक क्षेत्र में पत्रकारों और प्रबुद्ध नागरिकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि ये समाज के दर्शन है जो समाजिक बुराईयों के ख़िलाफ़ अपना योगदान देते हैं। उन्हें इस आयोजन के लिए आजाद बेलफेयर सेन्टर और संस्था के सचिव, डॉ के के कमर की सराहना की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अतरी विधायक, रंजीत यादव और मखदुमपुर विधायक, सतीश दास ने आजाद बेलफेयर सेन्टर, गया और लब्धप्रतिष्ठ जाने माने हैम्योपैथिक चिकित्सक एवं संस्था के सचिव, डॉ के के कमर को मगध गौरव सम्मान के आयोजन के लिए काफी सराहना करते हुए कहा कि पत्रकार प्रजातंत्र का चौथा स्तम्भ हैं जो समाज का दर्पण और जनहित में काम करते हैं । इनका सम्मान से इन्हें पत्रकारिता के क्षेत्र में बढावा देने में कारगर साबित होगा। डॉ के के कमर ने आगत अतिथियों को अंग बस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जरासंध धाम पौराणिक संघ के श्याम किशोर भारती, प्रख्यात चिकित्सक, डॉ चांदतारा यादव, नालंदा के शिक्षाविद, उदय शंकर, बिहार प्रेस मेंन्स यूनियन ( संबद्ध इण्डियन फेडरेशन आफ वर्किंग जर्नलिस्ट, नयी दिल्ली ) के प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ पत्रकार, अनमोल कुमार , मगध वाणी के शम्भू कुमार सिंह, मीडिया हाउस के कुमार संजय सिंह, आरोग्य समाचार पत्र के सौरभ कुमार, यूट्यूबर, गुलशन सिंह राजपूत, पी एस सिंह, मगही किंग के टाइगर यादव, रघुबीर, अमन, विश्वास विजय को मगध गौरव सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया । इस अवसर पर यूट्यूबरों ने रंगारंग प्रस्तुति कर खूब धमाल मचाया।

## गठबंधन में अकेली होती कांग्रेस

भारत की राजनीति निश्चित ही अनिश्चितता का एक ऐसा खेल है, जिसका सीधा-सा आशय नहीं निकाल सकता। यानी जो दिखता है, वैसा होता नहीं है और जो हो जाता है, वह दिखता नहीं है। इसी कारण से कभी-कभी राजनीति से अविश्वास भी होने लगता है। यह अविश्वास केवल जनता के मन में उपजता है, ऐसा नहीं है, राजनीति के ज्ञाता भी इसकी परिधि में गाहे-बगाहे आ जाते हैं। आज के दौर में कांग्रेस के प्रति भी अविश्वास का भाव लगातार बढ़ता जा रहा है। वर्तमान केंद्र सरकार पर निरंतर हमालवर रहने वाले इंडी गठबंधन के राजनीतिक दल आज स्वयं के लिए अलग मार्ग तलाशते दिख रहे हैं। कोई दल कांग्रेस को भाव देने को तैयार नहीं है, लेकिन समस्या यह है कि कांग्रेस आज भी इस सच को आईने में देखने को तैयार नहीं है। आज कांग्रेस की सच्चाई यही है कि उसे अपनी विरासत पर ही भरोसा है, इसके अलावा अन्य राजनेता भले ही बड़े पद पर पहुँच जाएं, उन्हें जितना महत्व मिलना चाहिए उतना मिलता नहीं है। वर्तमान में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कमोबेश ऐसी ही स्थिति का सामना कर रहे हैं। वे सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा के समक्ष लगभग नतमस्तक से दिखाई देते हैं। पिछले लोकसभा चुनाव के नतीजे को कांग्रेस भले अपने लिए सफलता माने लेकिन वह सफलता इसलिए नहीं मानी जा सकती, क्योंकि यह कांग्रेस की स्वयं की राजनीतिक ताकत नहीं थी, इसमें इंडी गठबंधन के दलों का योगदान था। लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के नतीजों में विपक्षी दलों को निश्चित ही अपेक्षित सफलता मिली, लेकिन इसे कांग्रेस की सफलता नहीं माना जा सकता। अगर कांग्रेस के साथ समाजवादी पार्टी नहीं होती तो कांग्रेस की इतनी सीटें नहीं आती। सत्य यही है कि आज कांग्रेस बिना गठबंधन के आगे बढ़ नहीं सकती लेकिन कांग्रेस के नेताओं का व्यवहार ऐसा है कि वही सबका नेतृत्व कर रहे हैं, जबकि वास्तविकता में ऐसा नहीं है। इसी कारण इंडी गठबंधन में दरार पैदा करने वाले स्वर भी सुनाई देने लगे हैं। राजनीतिक आकलन किया जाए तो इन स्वरों के यही निहितार्थ निकल सकते हैं कि कांग्रेस के पास इंडी गठबंधन को नेतृत्व देने का सामर्थ्य नहीं है। पश्चिम बंगाल में अपने राजनीतिक कौशल का लगातार परिचय देने वाली तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी इंडी गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए व्याकुल दिखाई दे रही हैं। ममता बनर्जी की राजनीति को देखते हुए यही कहा जा सकता है कि वे किसी और के नेतृत्व में काम करने के लिए सहज नहीं हैं। इसलिए उन्होंने यह स्वयं ही कहा है कि अगर कांग्रेस चाहे तो तृणमूल कांग्रेस गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। इसका आशय पूरी तरह से स्पष्ट है कि कांग्रेस में अब नेतृत्व करने की शक्ति नहीं बची है। हर जगह से कांग्रेस को आईना दिखाने का क्रम प्रारम्भ हो चुका है, लेकिन कांग्रेस में तो केवल और केवल इसी बात की राजनीति की जा रही है कि राहुल और प्रियंका को कैसे स्थापित किया जाए। इसी के चलते कांग्रेस अन्य दलों की लगभग अनदेखी-सी करने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस अनेक बार उत्थान और पतन की राजनीति से गुजरी है। लगातार तीन लोकसभा चुनावों में पराजय का दंश झेलने वाली कांग्रेस की विसंगति यही है कि वह केवल विरोध करने की राजनीति ही कर रही है। कांग्रेस के नेताओं का हर बयान मोदी या भाजपा तक ही सीमित है। यह अब कांग्रेस का स्थायी भाव सा बन गया है। इसका मतलब यह भी निकल सकता है कि उनके पास स्वयं की ऐसी कोई उपलब्धि नहीं है, जिसके आधार पर राजनीति की जा सके। अभी हाल ही में प्रियंका वाड्रा ने संसद में कांग्रेस का रटा-रटाया बयान दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि मोदी सरकार संविधान बदलना चाहती है। इसमें कितनी सच्चाई है, यह तो राजनीति करने वाले जानते ही हैं, लेकिन ऐसे बयान इसलिए भी उचित नहीं कहे जा सकते क्योंकि यह बयान अनुमान पर ही आधारित हैं। यह बयान ठोस नहीं हैं। ऐसे बयानों का मतलब सबको समझ में भी आने लगा है। कुल मिलाकर यही कहा जा सकता है कि कांग्रेस की राजनीति आधारहीन होती जा रही है। वास्तव में कांग्रेस को अब समय के हिसाब से प्रासंगिक होना चाहिए। प्रासंगिकता के अभाव में कांग्रेस को अब वैसा भाव नहीं मिल रहा, जैसा कांग्रेस को चाहिए। अभी हाल ही महाराष्ट्र और झारखण्ड में विधानसभा के चुनाव हुए। जिसमें कांग्रेस को जैसे प्रदर्शन की उम्मीद थी, वैसा परिणाम नहीं रहा। झारखण्ड में गठबंधन को सफलता जरूर मिली, लेकिन इसे कांग्रेस की सफलता नहीं माना जा सकता। महाराष्ट्र में कांग्रेस को बेमेल गठबंधन ले डूबा। यहां भी फजीहत कांग्रेस की हुई। कांग्रेस के समक्ष हालात यह होते जा रहे हैं कि उसे अब तिनके की तलाश करनी पड़ रही है। देश के कई राज्यों में कांग्रेस अपने बूते चुनाव लड़ने की स्थिति में नहीं है। जहाँ अकेले चलने का प्रयास किया, वहां धड़ाम से नीचे गिर गई। लगातार झटके खाने की आदी होती जा रही कांग्रेस को एक झटका दिल्ली में मिला है। आम आदमी पार्टी के नेता अरविन्द केजरीवाल ने कांग्रेस से दूरी बनाकर यह संकेत दे दिया है कि कांग्रेस का वजूद क्या है। इसके बाद कांग्रेस को स्वयं का आकलन करना चाहिए। लेकिन कांग्रेस ऐसा करने को तैयार नहीं दिखती। कांग्रेस की वर्तमान राजनीतिक स्थिति को देखकर यही कहा जा सकता है कि वह अब इंडी गठबंधन में अलग होती जा रही। कांग्रेस को उसके सहयोगी राजनीतिक दल ही किसी प्रकार का भाव देने की स्थिति में नहीं है। इसलिए कांग्रेस को चाहिए कि वह अपने आपको पिछलग्गू बनने की बजाय ठोस धरातल बनाने की राजनीति करे, नहीं तो एक दिन ऐसा भी आ सकता है कि कांग्रेस को राजनीतिक दल ही नहीं, जनता भी नहीं पूछेगी।

## 'वीर बाल दिवस' शहादत की स्मृति

9 जनवरी 2022 को गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह घोषणा की थी कि, 26 दिसंबर को श्री गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत की स्मृति और सम्मान में राष्ट्रीय 'वीर बाल दिवस' मनाया जाएगा। उल्लेखनीय रहे मुगल शासनकाल के दौरान पंजाब में सिखों के 10 वें गुरु, श्री गुरु गोबिंद सिंह के चार बेटे थे। गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की। धार्मिक उत्पीड़न से लोगों की रक्षा करने के उद्देश्य से इसकी स्थापना की गई थी। श्री गुरु गोबिंद सिंह चार बेटेः अजीत, जुझार, जोरावर और फतेह, सभी खालसा का हिस्सा थे। उन चारों को 19 वर्ष की आयु से पहले मुगल सेना द्वारा मार डाला गया था। गुरु गोबिंद सिंह के छोटे बच्चों ने हिंदु धर्म और अपने आस्था की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। बलिदान हिंदु धर्म के लिए सदा-सर्वदा स्मरणीय रहेगा। स्तुत्य, यह उनके शौर्य, साहस और बलिदान की गाथा को याद करने का भी 'वीर बाल दिवस' यह जानने का भी अवसर है।

# संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर मोदी ने कॉंग्रेस की बखिया उधेड़ी



आरती कुमारी

संविधान की 75वी वर्षगाँठ पर विशेष चर्चा की शुरुआत पर जहां बायनाड से सांसद कॉंग्रेस की प्रियंका गांधी, लोकसभा मे अपने प्रथम सम्बोधन मे कोई विशेष प्रभाव नहीं छोड़ सकी लेकिन इस अवसर पर चर्चा का जवाब देते हुए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने शांत, और संयमित शुरुआत करते हुए अपना आक्रामक रुख अख़्तियार करते हुए कॉंग्रेस द्वारा स्वतन्त्रता के बाद से संविधान मे अनेकों संशोधनों के साथ, छेड़-छाड़ और मन मुताविक बदलाव पर कॉंग्रेस और नेहरू परिवार की बखिया उधेड़ कर उनके कारनामों का कच्चा चिट्ठा खोल दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसभा मे सम्बोधन को सुनकर, जहां सत्ता पक्ष के लोगो ने मेजे थपथपाते हुए अपनी खुशी जाहिर की, वही कॉंग्रेस के सदस्यों सहित राहुल गांधी बगले झाँकते नज़र आये। 14 दिसंबर 2024 को संविधान पर विशेष चर्चा का समापन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहां एक ओर सभी देश वासियों के लिये ही नहीं अपितु विश्व के सभी लोकतान्त्रिक नागरिकों के लिये उत्सव का दिन करार दिया। संविधान निर्माताओं के योगदान की सराहना की। एक घंटे छप्पन मिनिट के अपने भाषण मे नरेंद्र मोदी ने विभिन्न सदस्यों द्वारा अपने विचार प्रकट करने पर धन्यवाद ज्ञपित किया। देश के कोटि कोटि नागरिकों को बधाई देते हुए भारत के लोकतन्त्र को विश्व की के लोकतंत्र की जननी बताया। मोदी ने राजर्षि पुरषोत्तम दास टंडन, डॉ राधा कृष्णन, बाबा साहब अंबेडकर, जो संविधान सभा के सदस्य थे, के कथनों को उद्धृत करते हुए कहा कि भारत भूमि मे लोकतन्त्र हमारे संस्कार और सांस्कृति मे हजारों वर्षों से है। अपनी उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए उन्होने महिला शक्ति के देश के हर क्षेत्र मे योगदान का उल्लेख करते हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लाकर महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की, आज भारत की महिला राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु के निर्वाचन को सुखद संयोग बतलाया। भारत को विश्व की तीसरी आर्थिक ताकत का उल्लेख करते हुए संविधान की 100वी वर्षगांठ पर भारत को विकशित राष्ट्र का संकल्प दोहराया। मोदी ने देश की विभिदता मे एकता की मुख्य भावना को संविधान की मूल भावना बताया। धारा 370 एवं 35ए भारत की एकता मे मुख्य रुकावट थी जिसे समाप्त कर उनकी सरकार ने देश की एकता को अपनी प्राथमिकता बतलाया। देश के आर्थिक विकास के लिये एक देश एक टैक्स के रूप मे जीएसटी को लागू किया। एक देश एक राशन कार्ड के माध्यम से अपनी जीविका के देश के विभिन्न क्षेत्रों मे जा रहे गरीबी रेखा के लोगो को कहीं भी राशन की सुविधा संविधान ने सुलभ कराई। इसी तरह आयुष्मान कार्ड के माध्यम से एक देश एक हेल्थ कार्ड की योजना से गरीबी रेखा के नीचे के परिवार को देश मे कहीं भी इलाज की सुविधा संविधान मे उपलब्ध हुई। मोदी ने अपनी सरकार की उपलब्धियों मे विजली के लिये एक देश एक ग्रिड, डिजिटल पेमेंट, गाँव गाँव तक ऑप्टिकल फाइबर के माध्यम से इंटरनेट, नयी शिक्षा नीति के माध्यम से मातृ भाषा को बढ़ावा, काशी तमिल संगमम, तेलगु संगमम के माध्यम से देश की एकता मजबूत करने के सार्थक प्रयास बतलाए। प्रधानमंत्री मोदी ने अफसोस जताते हुए उल्लेख किया कि जब देश संविधान की 25वीं वर्षगांठ मना रहा था तब कॉंग्रेस ने 1975 मे आपातकाल लगा कर देश के संविधान का गला घौंटने की नाकामयाब कोशिश की। संवैधानिक व्यवस्थाओं को समाप्त करने का कुत्सित प्रयास किया। विरोधियों को गिरफ्तार कर देश को जेलखाना बनाया गया। नागरिकों के अधिकारों और प्रेस के स्वतन्त्रता को समाप्त करने के घिनौनी कोशिश इन्दिरा गांधी ने की। उन्होने कॉंग्रेस के इस पाप को उसके माथे का कलंक बतलाया जो धुलने वाला नहीं। भारत के संविधान निर्माताओं के प्रयासों को आपातकाल मे मिट्टी मे मिलाने की कोशिश की गयी। वहीं दूसरी ओर भाजपा की अटल सरकार ने संविधान की 50वीं वर्षगांठ को सारे देश मे एकता, जनभागीदारी, सांझेदारी का संदेश दिया था। उन्होने बताया कि उनकी पार्टी ने गुजरात मे संविधान की 60वीं सालगिरह पर देश मे पहली बार संविधान की प्रति को हाथी की पालकी मे रख स्वयं मुख्यमंत्री के नाते हाथी के बगल मे पैदल चल कर संविधान के महात्म्य को जनसाधारण के सामने प्रदर्शित किया। संविधान की शक्ति का सामर्थ्य बतलाते हुए उन्होने उन जैसे साधारण व्यक्ति को देश का सबसे बड़ा उत्तरदायित्व एक, दो बार नहीं तीसरी बार देकर उनके स्नेह, आशीर्वाद को सराहा। संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर आये उतार चढ़ाव का उल्लेख करते हुए मोदी ने इस यात्रा मे कॉंग्रेस के एक परिवार ने संविधान को चोट पहुंचाने मे कोई कोर कसर न छोड़ने के तथ्यों पर प्रकाश डाला ताकि नयी पीढ़ी भी इन तथ्यों से अवगत हो सके। उन्होने इन 75 वर्षों मे इस परिवार के 55 वर्षों की कुविचार, कुरीति और कुनीति की लगातार चल रही परंपरा का उल्लेख करते हुए इस परिवार द्वारा संविधान को दी गयी चुनौतियों का उल्लेख किया। 1947 से 1952 तक जब कोई निर्वाचित सरकार नहीं थी, एक अस्थाई, तदर्थ सरकार थी। नेहरू की अन्तरिम सरकार ने 1951 मे एक अधिनियम के माध्यम से अभिव्यक्ति की आजादी पर कुठराघात किया। ये संविधान निर्माताओं का अपमान था। इसी दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू ने प्रदेश के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा कि यदि संविधान उनके रास्ते के बीच मे आ जाय तो हर हाल मे संविधान मे परिवर्तन करना चाहिये!! इतना ही नहीं तब के राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद, आचार्य कृपलानी और जय प्रकाश नारायण की इस विषय पर स्पष्ट चेतावनी को नेहरू ने दर किनार कर दिया। संविधान संशोधन का खून कॉंग्रेस के मुंह मे ऐसा लगा कि कॉंग्रेस ने अपने लगभग छह दशक के कार्यकाल मे 75 बार संविधान संशोधन किया। 1971 मे कॉंग्रेस की इन्दिरा गांधी के कार्यकाल मे संविधान मे किए संशोधन के अनुसार कानून मे किसी भी बदलाव पर न्याय पालिका उसमे हस्तक्षेप नहीं कर सकती थी। ये न्यायपालिका के क्षेत्र मे सीधा हस्तक्षेप था जो संविधान मे प्रदत्त मौलिक अधिकारों का हनन था, मूल भावना के विरुद्ध था। 1975 मे तब की प्रधानमंत्री ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक आदेश पर उनके चुनाव को अवैध बतलाते हुए असंवैधानिक बताया तब उन्होने अपनी कुर्सी बचाने के लिये देश मे आपात काल लगा दिया और लाखो राजनैतिक विरोधियों को जेल मे डाल दिया। 1975 मे मे ही 39वे संविधान संशोधन के माध्यम से कॉंग्रेस की तत्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी ने राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधान मंत्री, अध्यक्ष के पदों पर निर्वाचन के विरुद्ध किसी भी सक्षम न्यायालय मे जाने से ही रोक लगा दी, विडंवना ये थी कि इस कानून को पिछली तारीख से प्रभावी बनाया। ये इन्दिरा गांधी द्वारा अपनी सत्ता और निजी स्वार्थ के लिये संविधान का मखौल उड़ाने जैसा था। उनके लिये सरकार के प्रति वफादार न्यायपालिका की संकल्पना उनकी रीति और नीति थी। यही कारण था कि सुप्रीम कोर्ट मे इन्दिरा गांधी के विरुद्ध निर्णय देने वाले न्यायाधीश एच आर खन्ना की वरिष्ठता को अनदेखा कर उनसे जूनियर न्यायाधीश को सुप्रीम कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया। मोदी यहीं नहीं रुके, उन्होने राजीव गांधी के एक मुस्लिम तलाक़शुदा वृद्ध महिला शहबानों को सुप्रीम कोर्ट के आदेश से प्राप्त हुए चंद रुपए के गुजारा भत्ता देने के निर्णय को एक अधिनियम के माध्यम से पलट कर मुस्लिम कट्टर पंथियों के सामने घुटने टेक कर वोट बैंक की खातिर तुष्टि करण नीति को बढ़ावा दिया। ये संविधान की आत्मा पर एक और घिनौनी चोट थी। श्रीमती सोनिया गांधी पर हमले के तहत अपरोक्ष रूप से उन्होने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन के उस कथन को उद्धृत किया जिसमे उन्होने स्वीकार किया कि पार्टी अध्यक्ष सत्ता का केंद्र है, सरकार पार्टी के प्रति जबावदेह है!! ये कथन हतप्रभ करने वाला था कि कैसे पीएमओ के उपर एक गैर संवैधानिक राष्ट्रीय सलाहकार परिषद को बैठा दिया। मोदी ने नेहरू परिवार की चौथी पीढ़ी पर संविधान का मखौल उड़ाने का आरोप लगते हुए कहा कि भारत की जनता द्वारा चुनी गयी सरकार के मंत्रिपरिषद द्वारा सर्वसम्मति से लिये गए निर्णय को एक अहंकारी व्यक्ति ने मत्रिमंडल के निर्णय को पत्रकारों के सामने फाड़ कर कचरे के डिब्बे मे फेंक दिया। दुर्भाग्य ये कि मंत्रिपरिषद ने भी उस अहंकारी व्यक्ति द्वारा फाड़े गए निर्णय को बापस ले लिया। कॉंग्रेस ने सदा संविधान की अवमानना की, संविधान के महत्व को कम किया। उन्होने आरक्षण, एकसमान नागरिक संहिता पर भी प्रकाश डाला और उसके महत्व का उल्लेख किया। मोदी ने कॉंग्रेस पर आरोप लगते हुए कहा कि जो पार्टी अपने संविधान को नहीं मानती वो देश के संविधान को क्यों और कैसे मानेगी।

# 1 फरवरी 2025 आगामी बजट – फिर जागी सीनियर सिटीजन की उम्मीदें

अशोक भाटिया, मुंबई

साल 2025 का बजट पेश होने वाला है और वरिष्ठ नागरिकों को इस बजट से खास उम्मीदें हैं।वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के बजट से सीनियर सिटीजंस को काफी उम्मीद हैं। वित्तमंत्री 1 फरवरी को लोकसभा में यूनियन बजट पेश करेंगी। पिछले साल को पेश बजट में वित्तमंत्री ने सीनियर सिटीजंस के लिए कोई बड़ा ऐलान नहीं किया था। इसलिए सीनियर सिटीजंस को आने वाले बजट से ज्यादा उम्मीदें हैं,ताकि उन्हें पता चल सके कि उनके बटुए में और ज्यादा पैसे आएंगे या नहीं। गौरतलब है कि इस समय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने 2025 के बजट पर काम शुरू कर दिया है सो अभी से सीनियर सिटीजन ने अपनी तकलीफों व मांग को लेकर चर्चा शुरू कर दी है ।यह ठीक है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों और इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स से मुलाकात की है। इस मुलाकात के दौरान पीएम आने वाले यूनियन बजट 2025 के लिए उनकी राय और सुझाव लिए ।इस बैठक में निर्मला सीतारमण, नीति आयोग के वाइस चेयरमैन सुमन बेरी, नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमनियम, मुख्य आर्थिक सहालकार अनंत नागेश्वरन और दूसरे जाने-माने अर्थशास्त्रियों ने पीएम मोदी के साथ हुई इस बैठक में हिस्सा लिया। इस मीटिंग में अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला, डीके जोशी भी शामिल रहे। ठीक है , परन्तु दु:ख इस बात का है कि किसी भी सीनियर सिटीजन को उनकी तकलीफों व राय जानने के लिए नहीं बुलाया जाता । इनकम टैक्स क़ानून के अनुसार, सीनियर सिटिज़न्स को दो समूहों में बांटा गया है – सीनियर सिटिज़न्स और सुपर सीनियर सिटिज़न्स। इनमें से प्रत्येक समूह के लिए टैक्स सम्बन्धी क़ानून भी अलग-अलग हैं। सीनियर सिटिज़न्स यानी 60 से 80 साल की उम्र के लोगों के लिए 3 लाख रुपये की इनकम तक टैक्स माफ़ है। सुपर सीनियर सिटिज़न्स यानी 80 साल से ज्यादा उम्र के लोगों के लिए 5 लाख रुपये की इनकम तक टैक्स माफ़ है। रिटायर्ड लोग चाहते हैं कि यह अंतर ख़त्म हो जाए क्योंकि कई लोगों के पास, पेंशन और इन्वेस्टमेंट को छोड़कर इनकम का कोई अन्य साधन नहीं है। उनका मानना है कि सबके लिए 5 लाख रुपये की छूट सीमा तय की जानी चाहिए ताकि सभी सीनियर सिटिज़न्स पर टैक्स का बोझ कम हो सके।मौजूदा टैक्स स्लैब के अनुसार, सीनियर सिटिज़न्स को अलग-अलग रेट के हिसाब से टैक्स देना पड़ता है। सीनियर सिटीजंस को उम्मीद है कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण हेल्थ इंश्योरेंस के प्रीमियम पर डिडक्शन बढ़ा सकती हैं। अभी 60 साल और इससे ज्यादा उम्र के लोगों को हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी के प्रीमियम पर सालाना 50,000 रुपये डिडक्शन की इजाजत है। बुजुर्गों का कहना है कि पिछले कुछ सालों में खासकर कोविड की महामारी के बाद हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी का प्रीमियम काफी बढ़ गया है। इसलिए सरकार को 50,000 रुपये के डिडक्शन को बढ़ाकर कम से कम एक लाख रुपये कर देना चाहिए। इससे उन पर टैक्स का बोझ घटेगा । सीनियर सिटिज़न्स पर महंगाई का ज्यादा असर पड़ता है। उनके इनकम के साधन सीमित और अक्सर निश्चित होने के कारण, बढ़ती महंगाई के कारण सीधे तौर पर उनकी खरीदने की ताकत कम हो सकती है। उनके पास महंगाई से लड़ने के लिए अपने इनकम को बढ़ाने का कोई तरीका नहीं भी हो सकता है। इसलिए, सरकार उन्हें अधिक से अधिक, महंगाई को मात देने वाले सेविंग्स और इन्वेस्टमेंट ऑप्शंस देने के बारे में सोच सकती है। वर्तमान में, सीनियर सिटिज़न्स सेविंग्स स्कीम में 30 लाख रुपये तक इन्वेस्ट किया जा सकता है जिस पर 8.2 % प्रति वर्ष की दर से सुनिश्चित रिटर्न मिलता है। सरकार इस सीमा को बढ़ाने, ज्यादा रेट ऑफ़ रिटर्न देने और एक कम लॉक-इन फिक्स करने के बारे में सोचना चाहिए । इससे सीनियर सिटिज़न्स की खरीदने की ताकत बढ़ जाएगी और उन्हें बेहतर लिक्विडिटी मिल पाएगी। कई सीनियर सिटीजन की मांग है कि उन्हें चालू ब्याज से 2 प्रतिशन अतिरिक्त ब्याज मिलना चाहिए । वैसे इस समय एँफ़डी ब्याज दरों की बात करें तो डीसीबी बैंक में सीनियर सिटीजन को एफडी पर 8.6% का ब्याज मिल रहा है। पंजाब एंड सिंध बैंक में सीनियर सिटीजन को एफडी पर 7.9% का ब्याज दे रहा है। ज्यादातर बैंक सीनियर सिटीजन को अधिकतम 7.75 फीसदी का ब्याज दे रहे हैं। इसमें एसबीआई, HDFC, ICICI Bank आदि शामिल हैं। अगर सरकार 2 फीसदी तक ब्याज बढ़ता है तो सीनियर सिटीजन को मिलने वाला ब्याज 10 फीसदी तक जा सकता है।जिससे उनके बुढ़ापे की गाड़ी आसानी से चल सकती है । सीनियर सिटीजन को ब्याज पर रखे धन पर कर कटौती के लिए 15 H फॉर्म भर कर देना पड़ता है सो बुजुर्गों को बैंक आने जाने में बहुत तकलीफ होती है व बैंक भी कोई सहयोग नहीं करते है जबकि रिजर्व बैंक के कायदे के अनुसार सीनियर सिटिजन को घर बैठे सर्विस देना चाहिए सो हर साल 15H फॉर्म को जमा करवाने का प्रावधान ही हटा देना चाहिए । वसई पूर्व सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के आनंद बॉगिरवार के अनुसार सरकार वरिष्ठ नागरिको का बँक मे जमा पूँजी की पुरी राशी की सुरक्षा की गॅरंटीकरें इसे 5 लाख की सीमा में लॉक अप न किया जाय । देश में चल रहे सभी विमान सेवा नागरिकों को 50% डिस्काउंट प्रदान किया जाये , विमान सरकारी हो यां गैर सरकारी।इस समय पारिवारिक पेंशन के लिये 80 लाख लोग पेन्शन के लिये लगातार संघर्ष कर रहे है सभी वरिष्ठ नागरिक को पेन्शन प्रदान किया जाय क्योंकि उन्होंने अपने जीवन काल मे बहुत ही कम पैसे मे गुजर किया था और महंगाई बढ़ने पर उनकी जमा पुंजी मे कमी हो गई हैं।इसी प्रकार सीनियर सिटीजन को दांतो की बीमारी के लिए इनकम टैक्स में कोई छूट नहीं मिलती। नकली दाँत बनवाने, और दांतों का इलाज करने की इनकम टैक्स में छूट दी जावे। दांतो के इलाज में एक बड़ी धनराशि ख़र्च होती है।मोदी सरकार ने चुनाव के पहले वायदा किया था कि 70 वर्ष से ऊपर के हर वर्ग के सीनियर सिटीजन को आयुष्मान कार्ड दिया जाएगा वह कार्यान्वित तो हो रहा है पर सीनियर सिटीजन कि मांग है कि उम्र सीमा घटा कर70 से 60 वर्ष की जाय तथा यह आयुष्मान कार्ड गिने चुने सरकारी हॉस्पिटल में काम आता है , यदि यह सभी प्राइवेट हॉस्पिटल में भी लागू हो तो इसकी सार्थकता होगी । कोविड से पहले तक सीनियर सिटीजन को ट्रेन टिकट पर 40 से 50 फीसदी तक की छूट दी जाती थी लेकिन ये छूट कोविड के समय खत्म कर दी गई। कोविड का डर देश और दुनिया में खत्म होने के बाद भी सरकार ने इस छूट को फिर से शुरू नहीं किया है। अब सीनियर सिटीजन बजट में ट्रेन टिकट पर 50 फीसदी तक की छूट दिये जाने की डिमांड कर रहे हैं। वह उम्मीद कर रहे हैं कि सरकार उन्हें ये छूट फिर से देना शुरू करेंगे।गौरतलब है कि आईआरसीटीसी सीनियर सिटीजन के लिए स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेनों की सभी केटेगरी में रियायती किराए ऑफर करता था। आईआरसीटीसी साल 2019 के अंत तक 60 साल से अधिक उम्र के सीनियर सिटीजन और 58 साल या उससे अधिक उम्र की महिला बुजुर्ग यात्रियों को दुरंतो, शताब्दी, जन शताब्दी, राजधानी, मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के ट्रेन टिकटों पर किराए में छूट देता था। जहां पुरुष वरिष्ठ नागरिक 40 प्रतिशत की रियायत के पात्र थे, वहीं महिला वरिष्ठ नागरिक ट्रेन टिकट पर 50 प्रतिशत की छूट का लाभ उठा सकती थी।साल 2019 के अंत तक सीनियर सिटीजन को ट्रेनों की टिकट की कीमत पर 40 से 50 फीसदी तक की छूट मिली थी। अगर राजधानी का फर्स्ट एसी का टिकट 4,000 रुपये है तो सीनियर सिटीजन को 2,000 या 2,300 रुपये में मिलता था। फिर साल 2019 के अंत और साल 2020 की शुरुआत में कोविड देश और पूरी दुनिया में फैल गया जिसके बाद IRCTC की टिकट बुकिंग विंडो पर ये सर्विस मिलनी बंद हो गई। अब सीनियर सिटीजन उम्मीद कर रहे हैं कि बजट में उन्हें ये खास छूट फिर से मिलेगी। सीनियर सिटीजंस का कहना है कि कई ऐसे बुजुर्ग हैं, जिनका अपना घर नहीं है। वे किराया के घरों में रहते हैं। उन्हें हर महीने मकानमालिक को किराया चुकाना पड़ता है। रेगुलर इनकम नहीं होने से उन्हें दिक्कत आती है। सरकार को ऐसे सीनियर सिटीजंस को घर के किराए पर टैक्स डिडक्शन देना चाहिए, जिनकी रेगुलर इनकम नहीं है। इससे बुजुर्गों पर टैक्स का बोझ कम होगा। उन्हें उम्मीद है कि वित्तमंत्री इस बार बजट में उनकी यह मांग पूरी करेंगी। वर्तमान में, मूल कर छूट सीमा वरिष्ठ नागरिकों (60 वर्ष से अधिक आयु) के लिए 3 लाख रुपये और बहुत वरिष्ठ नागरिकों (80 वर्ष से अधिक आयु) के लिए 5 लाख रुपये है। यह वह सीमा है जिस तक वरिष्ठ नागरिक की आय पर कर नहीं लगता है। अब, मांग यह है कि बजट में नई कर व्यवस्था में वरिष्ठ नागरिकों (60 वर्ष से अधिक) के लिए मूल कर छूट सीमा को 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये किया जाना चाहिए, जो कि बहुत वरिष्ठ नागरिकों (80 वर्ष से अधिक) के समान है। वरिष्ठ नागरिक आगामी 2025 बजट में संभावित बोनस योजनाओं और कर प्रोत्साहनों को लेकर आशान्वित हैं। यह उम्मीद बुजुर्ग आबादी के लिए अतिरिक्त वित्तीय सहायता की आवश्यकता पर आधारित है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए तैयार किए गए बोनस धन का सीधा इंजेक्शन प्रदान कर सकते हैं, जिससे स्वास्थ्य देखभाल, दैनिक जीवन और अन्य आवश्यक खर्चों से जुड़ी बढ़ती लागत को संबोधित करने में मदद मिलेगी। इससे न केवल वरिष्ठ नागरिकों की वित्तीय सुरक्षा बढ़ेगी बल्कि समाज में उनके योगदान को भी मान्यता मिलेगी। तो, ये वित्त वर्ष 2025 -26 के आगामी केंद्रीय बजट के लिए वरिष्ठ नागरिकों की कुछ सामान्य उम्मीदें हैं। वरिष्ठ नागरिकों की आर्थिक चुनौतियों का समाधान करके, सरकार बुजुर्ग समुदाय को सशक्त और उत्थान कर सकती है, जिससे उनकी सेवानिवृत्ति के वर्षों के दौरान अधिक सम्मानजनक और आरामदायक जीवन सुनिश्चित हो सके।




**मेष** : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-2-4-6

**वृष** : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** : चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, ङ्क्षचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है अतःधैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। शुभांक-4-6-8

**कर्क** : थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। शुभ कार्यों का तत्काल फल मिलेगा। शुभांक-5-7-8

**सिंह** : पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-6-8-9

**कन्या** : प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-7-8-9

**तुला** : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। माता-पिता के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। शुभांक-5-8-9

**वृश्चिक** : व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-1-3-5


**धनु** : शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-2-4-6

**मकर** : रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** : समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-7-9

**मीन** : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-4-8-9

## शब्द पहेली - 8353



### बाएँ से दाएँ

1. धनुर्धर-2,2
4. तरुणी, नाजनीन-4
7. संतुष्ट होना-5
9. टेलीग्राम-2
11. महोदय (अंग्रेजी-2)
12. कटि, कमरिया-3
14. फटकार, भर्त्सना-4
15. वतन, स्वदेश-4
16. पार होना, पार करना-3
18. विद्रोही-2
19. गरीब, निर्धन-2
21. लोचदार, लचकदार-5
25. पारंपरिक, पुरातन-4
26. कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4

### ऊपर से नीचे

1. शीघ्रता, जल्दी-3
2. मूल्य, कीमत-2
3. जनता, आम आदमी-2
4. किनारा, कोरा-2
5. इंकार, मनाही-2
6. पानी गर्म करने का यंत्र-3
8. भ्रम, वहम-3
10. साधु, संन्यासी-3,2
11. मुलायम सिंह की राजनीतिक पार्टी-5
12. कपड़े की दीवार-3
13. जिव्हा, जीभ-3
17. रसदार, रसभरा-3
18. कारण, वजह-3
20. नेत्र, लोचन-3
21. बुरी आदत-2
22. एक पड़ोसी देश-2
23. पराया, पंख-3
24. रग, नाड़ी-2

### शब्द पहेली -8352 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

# डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया से जीतने होंगे दोनो मैच

**मुम्बई।** अगामी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में कौन सी चार टीमें पहुंचेंगी। ये अभी तक तय नहीं हुआ है। फाइनल की रेस में भारत, ऑस्ट्रेलिया दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका जैसी टीमें हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीद अभी दो टेस्ट मैच होने हैं और भारतीय टीम को अगर सीधे फाइनल में जगह बनानी है तो इन दोनो को ही जीतना होगा। अभी डब्ल्यूटीसी अंकतालिका में दक्षिण अफ्रीका पहले नंबर पर है। दक्षिण अफ्रीका के 10 मैचों में से 6 जीत, तीन हार और एक ड्रॉ से 76 अंक हैं। उसका अंक प्रतिशत 63.33 है। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम दूसरे स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया के 15 मैचों में 9 जीत, चार हार और 2 ड्रॉ से 106 अंक हैं। उसका अंक प्रतिशत 58.89 है। तीसरे




नंबर पर मौजूदा भारत के 17 मैचों में 9 जीत, 6 हार और 2 ड्रॉ से 114 अंक हैं। भारत का अंकों का प्रतिशत 55.88 है। भारतीय टीम को अभी दो मैच ऑस्ट्रेलिया से खेलने हैं। उधर श्रीलंकाई टीम पांचवें नंबर पर है पर उसके भी फाइनल में पहुंचने की संभावनाएं कम हैं। श्रीलंकाई टीम के 45.45 प्रतिशत अंक हैं और वह अधिकतम 53.85 प्रतिशत अंकों तक पहुंच सकती है। 48.21 प्रतिशत अंकों के साथ चौथे नंबर पर न्यूजीलैंड की टीम है, जो रेस से बाहर हो चुकी है। इंग्लैंड छठे, पाकिस्तान सातवें, बांग्लादेश आठवें और वेस्टइंडीज नौवें स्थान पर है।

**भारतीय टीम के लिए ये है फाइनल का समीकरण-** भारतीय टीम को आसानी से फाइनल में पहुंचने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दोनों टेस्ट जीतने होंगे। यदि भारतीय टीम एक भी मुकाबला ड्रॉ कराती है या हारती है तो उसे दूसरे परिणामों पर निर्भर रहना होगा। यदि भारतीय टीम सीरीज को 2-1 से जीतती है, तो उसे उम्मीद करनी होगी कि श्रीलंका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो मैचों की घरेलू सीरीज में कम से कम एक मैच को ड्रॉ करा ले। या फिर दक्षिण अफ्रीकी टीम पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज हार जाए। यदि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज 2-2 से ड्रॉ होती है, तो भारत 55.26 प्रतिशत अंकों पर समाप्त होगा। ऐसे में भारतीय टीम तभी फाइनल में पहुंचेगी जब श्रीलंका अपने घर पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 या 2-0 से जीत हासिल करे। या पाकिस्तानी टीम दक्षिण अफ्रीका को 2-0 से हराए। यदि मेलबर्न और सिडनी टेस्ट ड्रॉ रहते हैं तो भारतीय टीम 53.51 अंकों पर समाप्त करेगी। ऐसे में भारत तभी फाइनल में पहुंचेगा, जब दक्षिण अफ्रीका को पाकिस्तान के हाथों दोनों टेस्ट में हार मिले या श्रीलंकाई टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1-0 से सीरीज जीते या 0-0 से बराबरी करे। श्रीलंका के खिलाफ सीरीज 0-0 से बराबर होने पर ऑस्ट्रेलिया के भारत के समान 53.51 प्रतिशत अंक होंगे लेकिन इस चक्र में अधिक सीरीज जीतने के आधार पर भारत उससे आगे रहेगा। यदि श्रीलंका 2-0 से सीरीज जीतता है, तो वो भारत से आगे हो जाएगा।

# शैली में बदलाव के कारण रन नहीं बना पा रहे शुभमन : पोंटिंग

## रक्षत्मक तकनीक को बेहतर बनायें

**मेलबर्न।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल अभी तक अपने इस ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रन बनाने में विफल रहे हैं। जिसके बाद से ही उनपर बड़ी पारी खेलने का दबाव है। इसी को लेकर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि शुभमन ने अपनी बल्लेबाजी शैली में पिछले कुछ समय में बदलाव किये हैं, इसलिए लिए वह विदेश दौरों पर असफल हो रहे हैं। उन्हें इससे उबरने अपना आत्मविश्वास बनाये रखना होगा इसके अलावा अपनी रक्षात्मक तकनीक को भी बेहतर करना होगा। गिल अंगूठे की चोट के कारण बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में पहला टेस्ट नहीं खेल सके थे। वहीं एडीलेड में दूसरे टेस्ट में वह अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल सके। ब्रिसबेन में तीसरे टेस्ट में भी वह पहली पारी में रन नहीं बना पाये। पोंटिंग ने कहा, 'मुझे उसे खेलते देखना पसंद है। जब आप उसे अच्छी बल्लेबाजी करते देखें तो उसका कोई जवाब नहीं है पर विदेश में उसका प्रदर्शन वैसा नहीं रहा है। पोंटिंग ने कहा कि एडीलेड में दूसरे टेस्ट में उन्होंने इस युवा बल्लेबाज की तकनीक में काफी बदलाव देखे जिससे उनसे रन नहीं आ रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैने एडीलेड में



उसे बल्लेबाजी करते देखा और लगा कि उसने काफी बदलाव कर लिया है। स्कॉट बोलैंड गेंदबाजी कर रहा था और उसने ऑफ स्टम्प पर पड़ती गेंद पर फ्रंट पैड आगे कर विकेट गंवा दिया। पोंटिंग ने कहा कि शैली में बदलाव करने की जगह शुभमन को अपने आप पर भरोसा करके बल्लेबाजी में सुधार करना चाहिए था। उन्होंने कहा, 'उसे अपनी रक्षात्मक तकनीक को और बेहतर करना होगा जिससे ऑस्ट्रेलिया में वह रन बना सके। उसने अपने देश में या दुनिया में हर जगह आक्रामक होकर रन बनाए हैं। वह आउट होने के बारे में नहीं बल्कि रन बनाने के बारे में ही सोचता आया है। उसे उसी मानसिकता के साथ यहां भी खेलना चाहिये।

# बॉक्सिंग डे टेस्ट में राहुल बना सकते हैं रिकार्ड


**मेलबर्न।** भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लोज केएल राहुल मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से यहां होने वाले एक चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में अगर शतक लग देते हैं तो एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर लेंगे। राहुल ने अब तक तीन मैचों में भारत की ओर से सबसे ज्यादा 235 रन बनाए हैं हालांकि इस दौरान वह कोई शतक नहीं लगा पाये। अब भारत को चौथा टेस्ट मैच मेलबर्न में खेला है और यहां पर केएल राहुल से भी अच्छी पारी की उम्मीद सबको है। वहीं अगर इस टेस्ट मैच में राहुल शतक लगा देते हैं तो वो बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा शतक लागने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। बॉक्सिंग डे टेस्ट में अब तक सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में केएल राहुल सचिन तेंदुलकर और अंजिक्य रहाणे के साथ संयुक्त रूप से पहले नंबर पर हैं। तेंदुलकर और




रहाणे ने भारत के लिए बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में दो-दो शतक लगाए थे। और राहुल के नाम भी दो शतक दर्ज हैं। अब मेलबर्न में अगर राहुल शतक लगा देते हैं तो वो भारत की तरफ से बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा शतक बनाने वाले खिलाड़ी बन सकते हैं।

# पूर्व क्रिकेटर ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को बताया बुमराह का सामना करने का तरीका

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर साइमन कैटिच ने कहा है कि भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अब तक इस सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों के लिए सबसे बड़ी समस्या रहे हैं। बुमराह ने ही तीनों टेस्ट मैचों में सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं। उनका सामना करने में ट्रेविस हेड सहित अन्य बल्लेबाज विफल रहे हैं। कैटिच ने कहा है कि वह इस मामले में अपनी टीम की सहायता कर सकते हैं। कैटिज ने कहा है कि मेजबान टीम के बल्लेबाजों को बुमराह के खिलाफ सफल होने के लिए स्ट्राइक रोटेट करने के साथ ही रक्षात्मक तकनीक को भी बेहतर बनाना होगा। कैटिच ने कहा कि बुमराह शायद ही कभी



ढीली गेंद फेंकते हैं, इसलिए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को अपना रुख सही रखते हुए एक तय रणनीति से उतरना होगा। कैटिच ने कहा कि, सभी बातें सकारात्मक रुख को लेकर हैं और इसका ध्यान उन्हें रखना होगा। इसके अलावा बुमराह जैसे गेंदबाज के खिलाफ केवल बाउंड्री लगाने पर ही ध्यान नहीं देना चाहिये। इसका कारण है कि वह बहुत खराब गेंद नहीं फेंकता। इसलिए सबसे अधिक अहम ये है कि स्ट्राइक रोटेट कर आराम से खेला जाये।

# चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए दक्षिण अफ्रीका दौरे से बाहर रहेंगे शाहीन अफरीदी

**कराची।** पाकिस्तान के स्टार तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी आगामी आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के पहले पूरी तरह से तरोताजा होना चाहते हैं। इसी को देखते हुए शाहीन टेस्ट सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका दौरे पर नहीं जाना चाहते हैं। शाहीन ने टीम प्रबंधन और चयन समिति से कहा है कि दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए उन्हें शामिल नहीं किया जाये। अफरीदी फरवरी मार्च में होने वाली आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये पूरी तरह फिट होना चाहते हैं। वहीं पाक टीम को दक्षिण अफ्रीका दौर में दो टेस्ट मैच खेलने हैं। ऐसे में शाहीन के नहीं होने से उसे परेशानी होगी पर मुख्य चयनकर्ता आकिब जावेद ने कहा कि चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये उन्हें तरोताजा रखने की कवायद में आराम दिया जा सकता है। शाहीन




ने टीम प्रबंधन और बोर्ड को बताया कि उन्हें बांग्लादेश प्रीमियर लीग की एक टीम से पेशकश भी मिली है और उन्होंने आश्वस्त किया है कि वह 30 दिसंबर से सात फरवरी तक होने वाली टी20 लीग के दौरान कार्यभार प्रबंधन कर लेंगे।

## व्यापार

# कंपनियां करें कॉलिंग-एमएसएस पर फोकस, सस्ते रिचार्ज का मिलेगा ऑप्शन

## ट्राई ने जियो, एयरटेल, वोडाफोन आइडिया और बीएसएनएल को दिया आदेश

**नई दिल्ली।** जियो, एयरटेल, वोडाफोन आइडिया और बीएसएनएल यूजर्स को जल्द ही सस्ते रिचार्ज का ऑप्शन मिल सकता है। टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) ने सभी टेलीकॉम ऑपरेटर्स से कंज्यूमर्स के लिए कॉलिंग और एमएसएस फोकस प्लान्स लॉन्च करने के लिए कहा है, जिसमें वैलिडिटी भी मिलती हो। टेलीकॉम ऑपरेटर्स के पोर्टफोलियो पर नजर डालें तो इसमें सभी प्लान्स डेटा पर फोकस्ड मिलते हैं यानी इसमें कॉलिंग, एसएमएस और डेटा तीनों मिलता है। ऐसे में कई यूजर्स जिन्हें डेटा नहीं चाहिए होता है, उन्हें भी डेटा के लिए भुगतान करना पड़ता है। इस तरह का प्लान ना होने की वजह से जियो, एयरटेल और वोडाफोन




आइडिया के यूजर्स को अपना सिम एक्टिव रखने के लिए हर महीने करीब 200 रुपए खर्च करने होते हैं। वहीं कुछ ऐसे यूजर्स भी हैं, जिन्हें लॉन्ग टर्म प्लान्स चाहिए होता है। आपको ऐसा लॉन्ग टर्म प्लान नहीं मिलेगा, जो सिर्फ कॉलिंग और एसएमएस पर फोकस्ड करता हो। ट्राई ने 23 दिसंबर को जारी अपने आदेश में कहा कि टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स को ऐसे एसटीवी जारी करने होंगे, जो सिर्फ वॉयस कॉलिंग और एसएमएस की सुविधा के साथ आते हों, जिससे कंज्यूमर्स सिर्फ उस सर्विस के लिए ही भुगतान करें, जो वह यूज करते हैं। इसका टेलीकॉम कंपनियों के कारोबार पर बड़ा असर पड़ेगा। ट्राई ने पहले भी इस पर कंपनियों से सुझाव मांगा था, जिसमें टेलीकॉम कंपनियों ने इसका विरोध किया था। कंपनियों का कहना था कि इस तरह के किसी नए प्लान की जरूरत नहीं है। कंज्यूमर्स के लिए ऐसे प्लान्स पहले से ही मौजूद हैं। बता दें कि टेलीकॉम कंपनियों ने कुछ साल पहले ही लाइफटाइम फ्री इनकमिंग की सुविधा खत्म कर दी है। इसके बाद ग्राहकों को अपना सिम कार्ड एक्टिव रखने के लिए हर महीने मिनिमम रिचार्ज करना होता है। वहीं इस साल जुलाई में टेलीकॉम कंपनियों ने अपने रिचार्ज प्लान्स की कीमतों में भी वृद्धि की है। इसकी वजह से कंज्यूमर्स को करीब 200 रुपए हर महीने सिर्फ सिम एक्टिव रखने के लिए खर्च करने होते हैं। वहीं सभी प्लान्स में डेटा दिया जाता है। ऐसे में जिन यूजर्स को डेटा की जरूरत नहीं होती है, उन्हें भी इस सर्विस के लिए भुगतान करना पड़ता है। वहीं बीएसएनएल में 30 दिनों का प्लान 147 रुपए का आता है, जिसमें यूजर्स को कॉलिंग और एसएमएस के साथ 10जीबी डेटा मिलता है। ऐसे यूजर्स जिन्हें इस डेटा की जरूरत नहीं है, उन्हें भी इसके लिए भुगतान करना होता है।

# 31 दिसंबर को खुलेगा इंडो फार्म इक्विपमेंट का आईपीओ, 14,835 का करना होगा निवेश

**मुंबई।** इंडो फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) 31 दिसंबर को खलेगा। निवेशक इसके लिए 2 जनवरी तक बिडिंग (बोली) लगा सकते हैं। 7 जनवरी को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर लिस्ट होंगे। क्रिसमस के चलते आज शेयर बाजार बंद है। इस आईपीओ के जरिए कंपनी टोटल 260.15 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। इसके लिए कंपनी 184.90 करोड़ रुपए के 86,00,000 फ्रेश शेयर इश्यू कर रही है। वहीं, इंडो फार्म इक्विपमेंट के मौजूदा निवेशक 75.25 करोड़ रुपए के 35,00,000 शेयर बेच रहे हैं। इंडो फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड ने आईपीओ का प्राइस बैंड 204-215 रुपए तय किया है। रिटेल निवेशक मिनिमम एक लॉट यानी 69 शेयर्स के लिए बिडिंग



कर सकते हैं। यदि आईपीओ के अपर प्राइज बैंड 215 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय किया जाता है तो इसके लिए 14,835 इन्वेस्ट करने होंगे। वहीं, मैक्सिमम 13 लॉट यानी 897 शेयर्स के लिए रिटेल निवेशक अप्लाय कर सकते हैं। इसके लिए निवेशकों को अपर प्राइज बैंड के हिसाब से 1,92,855 इन्वेस्ट करने होंगे।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 Atal Bihari Vajpayee:अटल कर्तव्य, नेतृत्व और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक;PM मोदी ने अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर सदैव अटल' स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की
2 पटना:BPSC अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज,परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे थे;हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी के कारण 226 सड़कें बंद
3 अफगानिस्तान में पाकिस्तानी एयरस्ट्राइक,46 लोगों की मौत:तालिबान का दावा
4 दिल्ली:आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की
5 भीमताल बस हादसे में अब तक चार लोगों की मौत
6 संसद के पास एक शख्स ने खुद को लगाई आग,घायल को अस्पताल ले जाया गया
7 संसद के पास एक शख्स ने खुद को लगाई आग,जांच में जुटी पुलिस,घायल को अस्पताल ले जाया गया
8 रूस के शॉपिंग मॉल में धमाका,एक महिला की मौत
9 क्या दिल्ली ऐसे व्यक्ति को अपना CM बनाना चाहेगी,केजरीवाल का प्रवेश वर्मा पर तंज
10 उत्तराखंड:भीमताल बस हादसे में 3 लोगों की मौत,2 दर्जन से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल
11 गुजरात के द्वारका में ओखा बंदरगाह पर क्रेन गिरने से 3 श्रमिकों की मौत
12 जयपुर-अजमेर हाईवे पर हुए हादसे में अबतक 18 लोगों की मौत,13 अब भी अस्पताल में
13 अजरबैजान एयरलाइन्स विमान क्रैश हादसे में अब तक 42 लोगों की मौत
14 जेपी नड्डा के आवास पर चल रही NDA की बैठक खत्म
15 कजाकिस्तान में एक यात्री विमान क्रैश,67 पैसेंजर्स थे सवार
16 मेरे ऊपर फर्जी केस लगाने की कोशिश हो रही है,बोलीं दिल्ली की CM आतिशी
17 आतिशी को फर्जी केस में फंसाया जा सकता है:अरविंद केजरीवाल का दावा
18 भोपाल हिंसक झड़प मामले में 13 लोगों के खिलाफ FIR,पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी
19 इंदौर नगर निगम कर्मचारियों पर बजरंग दल का हमला,गाड़ियों को तोड़ा
20 संभल:चंदौसी में 150 साल पुरानी बावड़ी का सर्वे करने पहुंची ASI की टीम
21 पंजाब:तरनतारन पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद लैंडा हरिके गैंग के चार साथी गिरफ्तार
22 मेरा सौभाग्य रहा कि मुझे उनका आशीर्वाद मिला,अटल बिहारी की जयंती पर पीएम मोदी बोले
23 जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में हो रही बर्फबारी, उत्तर भारत में भी बढ़ी ठंड
24 जम्मू-कश्मीर:राजौरी में गर्भवती महिला की मौत के बाद 5 डॉक्टर सस्पेंड
25 सबरीमाला मंदिर में 26 दिसंबर को होगी मंडला पूजा,तैयारियां शुरू
26 IGI एयरपोर्ट पर भयंकर कोहरा,उड़ानें हो सकती हैं प्रभावित
27 हैती के अस्पताल में गोलीबारी,तीन लोग मारे गए
28 अमेरिकन एयरलाइंस की सर्विस शुरू,क्रिसमस से एक दिन पहले तकनीकी खराबी के कारण हुई थी बंद
29 भारत के शहरों में कैंडल लाइटिंग और मिडनाइट प्रेयर्स के साथ मना क्रिसमस
30 अर्जेंटीना के कैटामार्का में आया 5.7 तीव्रता का भूकंप,जानमाल का कोई नुकसान नहीं
31 रूसी मालवाहक जहाज विस्फोट के बाद भूमध्य सागर में डूबा,रूसी विदेश मंत्रालय ने की पुष्टि
32 अफगानिस्तान के बरमल जिले में पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक,कम से कम 15 लोगों की मौत
33 पीलीभीत में मारे गए 3 खालिस्तानी आतंकियों के शव पंजाब ले जा रही एम्बुलेंस का एक्सीडेंट
34 पीएम मोदी आज मध्य प्रदेश में केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना की रखें आधारशिला
35 अवध ओझा भी गंदी राजनीति सीख गए हैं! पार्टी में शामिल होने से पहले केजरीवाल की बुराई कर रहे थे लेकिन अब आम आदमी पार्टी जॉइन करने के बाद केजरीवाल श्री कृष्ण बन गए हैं,सत्ता का लालच क्या नहीं करवा सकता
36 बुमराह ने अश्विन के ऐतिहासिक ICC टेस्ट बॉलिंग रिकॉर्ड की बराबरी की
37 कजाकिस्तान में 70 से अधिक लोगों के साथ अजरबैजान एयरलाइंस का यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया,अजरबैजानी समाचार एजेंसी,एपीए के अनुसार 67 यात्री और 5 चालक दल के सदस्य विमान में सवार थे
38 महाकुंभ में सफाईकर्मियों के बच्चों के लिए योगी सरकार की बड़ी पहल,विद्या कुंभ' के नाम से खोले स्कूल
39 मणिपुर हिंसा पर पूर्व मुख्य न्यायाधीश का बड़ा दावा,अदृश्य ताकतों का हाथ,बोले:सब खत्म हो सकता है!
40 ऐसी कोई योजना नहीं!AAP की 'महिलाओं को 2,100/माह' की योजना पर दिल्ली महिला विकास विभाग!


हर खबर पर पैनी नज़र
नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)






## फिल्म गेम चेंजर का नया सॉन्ग धोप रिलीज

# राम चरण और कियारा आडवाणी के डांस मूव्स और केमिस्ट्री ने लगाई आग




गेम चेंजर साल 2025 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। एस शंकर द्वारा निर्देशित, यह फिल्म 10 जनवरी को पोंगल के उत्सव के अवसर पर बड़े पर्दे पर रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म की भव्य रिलीज से पहले, निर्माताओं ने इसका चौथा गाना धोप रिलीज कर दिया है। इस पैपी ट्रैक में राम चरण और कियारा आडवाणी की केमिस्ट्री देखते ही बन रही है। बीट्स झूमने पर मजबूर कर देने वाले हैं। गाने में राम चरण कियारा आडवाणी के साथ अपने बेहतरीन मूव्स दिखा रहे हैं। दोनों ने स्टाइलिश आउटफिट पहनकर नए जोशीले गाने से मंच पर आग लगा दी है। धोप में ऑनस्क्रीन जोड़ी की बेजोड़ केमिस्ट्री और एनर्जी ने सोशल मीडिया की हलचल बढ़ा दी है। विशेष रूप से, ट्रैक के अंत में अभिनेता के सिंगल डांस मूव्स जबर्दस्त हैं। गाने पर प्रतिक्रिया देते हुए एक नेटिजन ने लिखा, यूट्यूब पर इस गाने का धमाल होगा। दूसरे ने लिखा, सुपर डांस स्टेप्स, राम चरण एक लीजेंड डांसर हैं। इसके अलावा, गाने में राम चरण के बेहतरीन डांस मूव्स के कारण ग्रेस गॉड शब्द भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ट्रेंड कर रहा है। इस बीच, गाने को साझा करते हुए, निर्माताओं ने लिखा,



बहुत अधिक एनर्जी और हाई वोल्टेज मूव्स पैक करते हुए, सभी को गेम चेंजर के धूप मंत्र पर थिरकने दें। धूप को अब अपना कार्यभार संभालने दें।तेलुगु संस्करण के अलावा, निर्माताओं ने ट्रैक के हिंदी और तमिल संस्करण भी जारी किए हैं। गाने को जानी मास्टर द्वारा कोरियोग्राफ किया गया है। धोप से पहले, निर्माताओं ने नाना हयाराना, रा माचा माचा और जारागांडी नाम से फिल्म के तीन ट्रैक लॉन्च किए थे। गेम चेंजर में राम चरण मुख्य भूमिका में होंगे और कियारा आडवाणी उनके अपोजिट नजर आएंगी। विनय विद्या राम के बाद यह उनका दूसरा सहयोग है जो 2019 में रिलीज हुई थी।




# पुष्पा 2 और वनवास के बीच मुफासा ने मचाया गदर, दूसरे दिन फिल्म ने ताबड़तोड़ कूट डाले इतने करोड़

मुफासा: द लॉयन किंग के सिनेमाघरों में पहुंचने का आज दूसरा दिन है। ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही फिल्म सुर्खियों में थी। मुफासा की कहानी जानने के लिए फैंस काफी उत्साहित थे। अब आखिरकार यह फिल्म सिनेमाघरों में दिखाई जा रही है। इसे दर्शकों का काफी अच्छा रिस्पॉन्स भी मिल रहा है। इसी कड़ी में फिल्म ने ओपनिंग डे पर बॉक्स ऑफिस पर 10 करोड़ का बिजनेस किया। अब इसके दूसरे दिन के आंकड़े भी जारी हो गए हैं। आइए जानते हैं दूसरे दिन इसने कितनी कमाई की है। द लॉयन किंग की रिलीज के 5 साल बाद अब मुफासा: द लॉयन किंग दुनियाभर में रिलीज हो गई है। फैंस के बीच एक्साइटमेंट लेवल इसलिए भी ज्यादा देखने को मिल रहा है क्योंकि इसके हिंदी वर्जन को खुद किंग खान ने अपनी आवाज दी है। यही वजह है कि दर्शक इससे जुड़ाव महसूस कर रहे हैं। इसके अलावा बाकी दो किरदारों को उनके बेटों ने आवाज दी है। कमाई की बात करें तो पहले दिन जहां 10 करोड़ का कारोबार किया, वहीं दूसरे दिन वीकेंड का फायदा उठाते हुए फिल्म ने 14 करोड़ रुपये की कमाई की है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक दूसरे दिन के कलेक्शन को मिलाकर इसने कुल 22 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। मुफासा में अबराम और आर्यन के अलावा श्रेयस तलपड़े और संजय मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। फिल्म के तेलुगु वर्जन में महेश बाबू ने मुफासा के किरदार को आवाज दी है।<आपको बता दें कि शानदार कमाई करने के बाद भी मुफासा अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 का रिकॉर्ड छूने से काफी पीछे है। फिल्म पुष्पा 2 के दूसरे दिन के कलेक्शन को पछाड़ने में नाकाम रही है। फिल्म ऐसे समय पर रिलीज हुई है जब पुष्पा 2 का जलवा बरकरार है, इसलिए इसे कम स्क्रीन और कम कलेक्शन मिल रहा है। पुष्पा 2 ने दूसरे दिन 196.4 करोड़ रुपये की कमाई की। मुफासा ने दूसरे दिन 13.72 करोड़ रुपये की कमाई की। आपको बता दें कि डिज्नी की यह एनिमेटेड फिल्म नाना पाटेकर की वनवास से क्लैश कर रही है। वनवास ने दूसरे दिन बॉक्स ऑफिस पर 95 लाख का कारोबार किया और कुल फिल्म ने 1.55 करोड़ का कारोबार किया है।

# मानसिक अवरोधों को तोड़ने में मदद करती है अलग-अलग तरह की भूमिका: भूमिका गुरुंग



टीवी अभिनेत्री भूमिका गुरुंग ने अलग-अलग तरह की भूमिका को निभाने को लेकर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि अलग-अलग तरह की भूमिका मानसिक अवरोधों को तोड़ने और एक कलाकार के रूप में अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वर्तमान में 'बस इतना सा ख्वाब में शगुन की भूमिका निभा रही अभिनेत्री ने बताया कि शगुन की भूमिका उनके व्यक्तिगत विकास को भी दिखाती है। इस बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने साझा किया, मुझे एहसास हुआ कि मैं सिर्फ मुख्य भूमिकाओं तक सीमित नहीं रहना चाहती। अगर सही तरह से निभाया जाए तो एक किरदार कम से कम स्क्रीन टाइम में भी अलग दिख सकता है। यह मानसिक अवरोधों को तोड़ने और भूमिकाओं में विविधता को अपनाने के बारे में है। गुरुंग ने यह भी खुलासा किया कि शगुन का उनका किरदार पारंपरिक ढांचे से अलग है। शो में उनका किरदार आधुनिक, व्यावहारिक और अपनी पसंद को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है और भारतीय टेलीविजन पर अक्सर दिखाए जाने वाले त्याग करने वाली बहू से के किरदार बिल्कुल अलग है। भूमिका ने बताया, शगुन कोई कोमोलिका या खलनायिका नहीं है। उसकी अपनी भावनाएं हैं, वह गलतियां करती है और अपने फैसलों की जिम्मेदारी खुद लेती है। यही बात उसे दूसरों से अलग बनाती है। शो के बारे में बात करते हुए भूमिका ने कहा, हम सभी ने कभी न कभी किसी न किसी चीज का सपना देखा है। सपने हमें परिभाषित करते हैं। यही बात शो के टाइटल को प्रासंगिक बनाता है। यह छोटी-छोटी इच्छाओं और आकांक्षाओं के बारे में है, जो हर किसी के साथ जुड़ती है। भूमिका गुरुंग ने कहा, पिछले कुछ सालों में इंडस्ट्री काफी विकसित हुई है। नए ट्रेंड, कार्य संस्कृति और कहानी कहने की तकनीकों को अपनाना बहुत जरूरी है। इसी तरह आप एक कलाकार के तौर पर आगे बढ़ सकते हैं।

# भोजपुरी स्टार मोनालिसा ने रेड मोनोकिनी में गिराई बिजली, एक्ट्रेस की हॉटनेस ने स्विमिंग पूल में लगाई आग

भोजपुरी इंडस्ट्री में अपनी अदाओं से लोगों के दिलों पर खंजर चलाने वाली एक्ट्रेस मोनालिसा आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी अदाकारी से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। भोजपुरी स्टार मोनालिसा ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर रेड मोनोकिनी में बेहद हॉट और ग्लैमरस तस्वीरें और वीडियो शेयर की हैं, जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं. मोनालिसा की ये तस्वीरें और वीडियो स्विमिंग पूल के किनारे ली गई हैं, जिसमें वह अपने फैंस



को अपना हॉट लुक दिखा रही हैं. मोनालिसा ने रेड मोनोकिनी पहनकर पूल में पोज दिए, जो उनकी हॉटनेस और कातिलाना अंदाज को और भी बढ़ा रहे हैं. उनका कॉन्फिडेंट लुक और उनकी फिट बॉडी ने फैंस को मंत्रमुग्ध कर दिया है. मोनालिसा का मेकअप ग्लोइंग है और उनके बाल बंधे हुए हैं, जो उनके लुक को और भी स्टाइलिश बनाते हैं. इन तस्वीरों में मोनालिसा के चेहरे पर हल्की मुस्कान है, जो उनकी खूबसूरती और आत्मविश्वास को और भी उजागर करती है. मोनालिसा सोशल इन दिनों भले ही टीवी शोज में दिखाई नहीं दे रही हो, लेकिन आए दिन अपनी पर्सनल लाइफ से जुड़े अपडेट्स फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं।

# बेबी जॉन का नया गाना बीस्ट मोड रिलीज, एक्शन अवतार में वरुण धवन ने दिखाया कमाल

वरुण धवन पिछले कुछ दिनों से फिल्म बेबी जॉन को लेकर सुर्खियों में हैं। उनकी यह फिल्म क्रिसमस के मौके पर 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।अब इस फिल्म का नया गाना बीस्ट मोड रिलीज हो गया है, जिस पर उनके प्रशंसक खूब प्यार लुटा रहे हैं।इसी गाने के साथ फिल्म की एडवांस बुकिंग भी खुल गई है। वरुण ने खुद सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी है। फिल्म के गाने में वरुण का जबरदस्त एक्शन करते नजर आ रहे हैं। गाने को राजा कुमारी




ने गाया है। इसकी शुरुआत वरुण से होती है, जो अपनी बेटी की खोज करते हैं और गुंडों से दो-दो हाथ करते दिख रहे हैं।पुलिस अफसर के किरदार में वरुण खूब जंच रहे हैं। उधर गुंडों के लीडर बने जैकी श्रॉफ का अवतार भी देखने लायक है।प्रशंसक सोशल मीडिया पर इस गाने की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। यह गाना देख एक यूजर ने लिखा, बेबी जॉन ब्लॉकबस्टर होगी। एक ने लिखा, भाई बड़े समय बाद ऐसा जोरदार बैकग्राउंड म्यूजिक सुनने को मिला है।एक ने लिखा, ओह भाई साहब यही वजह है कि मैं सिर्फ और सिर्फ सिनेमाघरों में यह फिल्म देखूंगा।कुछ प्रशंसकों का मानना है कि इस फिल्म से वरुण सिनेमाघरों में आग लगा देंगे। एक लिखते हैं, फायर नहीं, ये वाइल्डफायर है भाई। मजा आ गया।एक ने लिखा, सचमुच बवाल है बेबी जॉन। बेबी जॉन में वरुण की जोड़ी पहली बार कीर्ति सुरेश के साथ बनी है। वामिका गब्बी, जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव जैसे सितारे भी इस फिल्म में अहम भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म के जरिए वरुण पहली बार पर्दे पर डबल रोल में दिखेंगे।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोन: 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।